दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
नई दिल्ली।। शुक्रवार 10 मई -2024 | वर्ष : 8 अंक : 210 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3







# मंदिर मामले में मेयर की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद विश्व हिंदू परिषद ने निगम मुख्यालय के घेराव व प्रदर्शन का अल्टीमेटम लिया वापस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम पर बीते एक साल में जो 12 मंदिर तोड़े जाने का विश्व हिंदू परिषद ने आरोप लगाया था। उसको लेकर गुरुवार को महापौर सुनीता दयाल ने निगम कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि परिवार के लोगों द्वारा मुझ पर इस तरीके के आरोप लगाए जाएंगे, मुझे ऐसा नहीं पता था। मेयर ने कहा यह सभी अपने ही परिवार के लोग हैं। उनको यह बात मुझे कहनी चाहिए थी। साथ ही उन्होंने कहा कि मेरे आने के बाद से आम जनता खुश है और भूमाफिया परेशान चल रहे हैं। कैलाभट्टा जैसे इलाके में घुसकर मैंने अतिक्रमण करने वालों को सबक सिखाया है, मैं किसी से डरने वाली नहीं हूं। वहीं गाजियाबाद की प्रथम नागरिक महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि मंदिर हमारी भी आस्था का केंद्र है। मेरी निगम के अधिकारियों को वैसे भी हिदायत रहती है, कि किसी भी धर्मस्थल पर कार्रवाई न की जाए। जो अतिक्रमण है उसी को हटाया जाए। साथ ही उन्होंने कहा है कि मैं मंदिर आंदोलन में जुड़ी रही थीं और मैं कैसे किसी मंदिर को तोड़ने एवं ध्वस्त करने का आदेश दे सकती हूं। यह सब बिना किसी जानकारी और जल्दबाजी में बयानबाजी का नतीजा ही हो सकता है।

**महापौर और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों की बैठक के बाद मामला हुआ शांत**



## मेयर का दवा सभी मंदिर हैं सुरक्षित और हो रही है सभी में पूजा-अर्चना

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए शहरवासियों को आश्वस्त किया कि शहर के किसी भी मंदिर को ध्वस्त नहीं किया गया है। साथ ही वह सुरक्षित है और वहां पूजा-अर्चना भी हो रही है। साथ ही महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि नगर निगम ने जहां पर भी कार्रवाई की है, वह केवल कोर्ट के आदेशों का अनुपालन कराया गया है। इसके सिवा कहीं पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर उनकी आस्था का केंद्र हैं। वही महापौर सुनीता दयाल ने नगर निगम द्वारा जियो टैगिंग करते हुए तमाम फोटो और वीडियो भी उन मंदिरों के उपलब्ध कराए हैं, जिनको लेकर बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने नगर निगम और नगर आयुक्त के साथ ही महापौर पर मंदिर तोड़े जाने का गंभीर आरोप लगाया था।

### जब महापौर सुनीता दयाल ने नगर आयुक्त को बताया परिश्रमी और ईमानदार

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने मंदिर प्रकरण पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए नगर आयुक्त आईएएस अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक की तारीफ करते हुए कहा कि नगर आयुक्त ईमानदार होने के साथ ही मेहनती और परिश्रमी भी हैं। उन्होंने कहा कि वह बिना किसी भेदभाव के काम कर रहे हैं और शहर की व्यवस्थाओं को सुधारने और विकास कार्यों को लेकर जो उनका विजन है वह बेहद स्पष्ट है।

### मेयर ने कहा मैं चुनाव तक आरोप सह रही हूं, मेरे खिलाफ झूठा माहौल बनाया जा रहा है

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल गुरुवार को अपने कार्यालय पहुंची, तो उनका अंदाज अलग था। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत शुरू की तो पहले मंदिरों के मुद्दे पर बातचीत की और फिर कहा की वह केवल लोकसभा चुनाव की वजह से अभी शांत हैं। कुछ लोग उनके खिलाफ झूठा माहौल बना रहे हैं और उनको बेवजह घेरने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने खुले तौर पर ऐसे लोगों को चेतावनी दी कि वह सतर्क रहें और कहा कि मैं उन लोगों को भी जवाब दूंगी जो मुझे घेरने का काम कर रहे हैं।

### जब मेयर ने दे दिया 4 जून के बाद ओपनवार का अल्टीमेटम

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिस प्रकार से मंदिरों की आड़ में उन पर प्रहार किया जा रहा है, वह किसी से डरने वाली नहीं है। 4 जून तक चुनाव का वेट कर रही हैं। इसके बाद ओपनवार के लिए वह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि संगठन और पार्टी उनके लिए सर्वोपरि है, इसीलिए वह चुनावी सीजन में शांत बैठी हुई हैं।

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा, निगम ने कभी नहीं तोड़ा कोई मंदिर, ना ऐसी किसी की रही है मंशा

### विश्व हिंदू परिषद ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार देर शाम जब विश्व हिंदू परिषद ने इस पूरे मामले को लेकर आंदोलन करने से मना कर दिया तो उन्होंने इसके बाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को ज्ञापन सौंपा। साथ ही उनका भरोसा दिलाया कि पदाधिकारी किसी प्रकार से नगर निगम का घेराव नहीं करेंगे। इस दौरान नगर आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग ने मांग की है कि मंदिर का अवैध अतिक्रमण हटाते समय कमरे के गिरने के बाद जो कुछ



हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है उसे ठीक कराया जाएगा। वहीं नगर आयुक्त ने इसकी जांच का भरोसा दिया है। साथ ही हिंदूवादी इस संगठन ने शहर में खुले स्थानों पर मांस- मछली की बिक्री और हिंदू धार्मिक पर्वों पर इसको बेचे जाने को लेकर भी ज्ञापन सौंपा है। बता दें कि दो दिनों तक नगर निगम पर 12 मंदिर तोड़े जाने के आरोप लगने के मामले ने जमकर तूल पकड़ा और यह मामला गुरुवार को समाप्त हो गया है। उधर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा है कि नगर निगम ने आज तक कभी भी किसी मंदिर पर कार्रवाई नहीं की है। ना ही नगर निगम में किसी भी अधिकारी चाहे वह पूर्व के नगर आयुक्त रहे हों या महापौर ऐसी किसी की मंशा नहीं रही है। उन्होंने विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों को भरोसा दिलाया कि विवेकानंद नगर में कमरे का अतिक्रमण तोड़ते वक्त अगर कुछ क्षति हुई है, तो उसको सुधारा जाएगा। साथ ही आश्वासन दिया कि कभी भी किसी प्रकार से मंदिर पर कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### पार्षदों के साथ पहुंची थीं महापौर सुनीता दयाल

करंट क्राइम : शुक्रवार को महापौर सुनीता दयाल विवेकानंद नगर के पार्षद राजकुमार नागर, गांधीनगर से पार्षद नीरज गोयल, नंदग्राम के पार्षद वीरेंद्र त्यागी और बागू कॉलोनी के पार्षद के साथ पहुंची थीं। इस दौरान विजयनगर से एक पार्षद को भी बुलाया गया था लेकिन वह नहीं पहुंचे थे।

## निगम पर होने वाले प्रदर्शन कैंसल होने पर ली पुलिस-प्रशासन और खुफिया विभाग ने राहत की सांस

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** 10 मई को हिंदू संगठन विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की ओर से प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन एवं नगर निगम मुख्यालय घेराव का कार्यक्रम निरस्त होने के बाद पुलिस-प्रशासन और खुफिया विभाग के अधिकारियों ने राहत की सांस ली हैं। उधर सूत्र बता रहे हैं की सबसे ज्यादा टेंशन में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारी थे। पुलिस की टेंशन यह थी कि एक तरफ नगर निगम में होने वाले बड़े धरने-प्रदर्शन और



आंदोलन को शांतिपूर्वक संपन्न करना है। तो वहीं धारा- 144 कमिश्नरेट सिस्टम में लगी हुई है। वही चुनावी सीजन होने की वजह से बड़ी संख्या में फोर्स कमिश्नरेट से बाहर गया हुआ है। शुक्रवार को कई वीवीआईपी कार्यक्रम होने के साथ ही अक्षया तृतीया का पर्व है। अक्षया तृतीया पर सोने की खरीदारी बढ़ जाती है। ऐसे में शहर के प्रमुख ज्वैलरी बाजारों और दुकानों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था भी पुलिस के लिए बड़ी चुनौती रहने वाला है। उधर गुरुवार की देर शाम जब महापौर सुनीता दयाल और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों की बैठक होने के बाद प्रदर्शन वाला मामला स्थगित हो गया तो अधिकारियों ने राहत वाली सांस अवश्य ली है।

## विश्व हिंदू परिषद नहीं करेगा अतिक्रमण का सपोर्ट, मंदिर तोड़े जाने की हो जांच : आलोक गर्ग

गाजियाबाद, करंट क्राइम : गुरुवार की देर शाम महापौर सुनीता दयाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता व दर्जा प्राप्त मंत्री बलदेव राज शर्मा, विश्व हिंदू परिषद महानगर के अध्यक्ष आलोक गर्ग और राष्ट्रीय महामंत्री राजकुमार की एक बैठक हुई। बैठक में मंदिर तोड़े जाने के प्रकरण पर महापौर और नगर आयुक्त का नाम लेने और 12 मंदिरों के तोड़े जाने की लिस्ट का मामला गर्माया। काफी देर की बैठक चलने के बाद इस पूरे मामले में विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग ने वीडियो बाइट जारी करते हुए कहा है कि नगर निगम ने भरोसा दिलाया है कि ना पूर्व में कोई मंदिर तोड़े गए हैं, ना भविष्य में कोई मंदिर तोड़ा जाएगा। साथ ही पूरे मामले की जांच भी हो रही है।

वहीं आलोक गर्ग ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद किसी भी अतिक्रमण करने के मामले में कभी सपोर्ट में संगठन आगे नहीं आएगा। साथ ही विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग ने यह भी घोषणा की है कि जो शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और अन्य हिंदूवादी संगठनों के साथ मिलकर धरना-प्रदर्शन, विरोध एवं घेराव का कार्यक्रम था वह भी स्थगित कर दिया गया है। सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले में भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े लोगों और महापौर सुनीता दयाल ने अपनी एक पूरी टीम बनाकर इस मामले को हल कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# जनरल के बर्थडे सेलिब्रेशन से दिखाई देगी विधायकों की दूरी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आज केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह जन्मदिन है। वो अपने राजनगर स्थित आवास पर अपना जन्मदिन मनाने आ रहे हैं। उनका जन्मदिन अक्षया तृतीया के अवसर पर पड़ रहा है और जनरल वीके सिंह अपने जन्मदिन पर भंडारे का आयोजन कर रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम ने जन्मदिन के इस सैलीब्रेशन को लेकर पहले ही संकेत दिये थे कि लोकसभा वालों के जन्मदिन से विधानसभा वाले दूर रहेंगे। आज जब जनरल आवास पर बर्थडे का केक कटेगा और भंडारा बंटेगा तो एक विधायक चुनाव प्रचार में व्यस्त होंगे। वो भाजपा उम्मीदवार के नामांकन में रहेंगे और प्रदेश सरकार के कैबीनेट मंत्री अपने परिवार के साथ परिवार में होने वाले मंगल कार्यक्रम में बिजी रहेंगे। कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा जन्मदिन में नहीं आयेंगे और पूर्व राज्यमंत्री तथा शहर विधायक अतुल गर्ग भी बर्थडे से दूर रहेंगे। अतुल गर्ग इन दिनों पार्टी के निर्देश पर चंडीगढ़ में चुनाव प्रचार ड्यूटी पर हैं। आज चंडीगढ़ में भाजपा उम्मीदवार नामांकन करेंगे और अतुल गर्ग वहां व्यस्त रहेंगे।



## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा, घर में है कार्यक्रम और अतुल गर्ग रहेंगे चुनाव में बिजी

### मेरे पोते का है मुंडन संस्कार, गढ़ में रहेगा मेरा पूरा परिवार : सुनील शर्मा



करंट क्राइम। जब करंट क्राइम ने कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा से बात की और उनसे पूछा कि क्या वो आज राजनगर में जनरल वीके सिंह के आवास पर उन्हें जन्मदिन की बधाई देने जायेंगे। तो कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि शुक्रवार को मेरे पोते का मुंडन संस्कार है। मैं और मेरा पूरा परिवार शुक्रवार को गढ़मुक्तेश्वर में रहेंगे। हमारा पूरा परिवार सुबह 7 बजे घर से पौत्र के मुंडन संस्कार के लिए गढ़मुक्तेश्वर रवाना होगा। मैं शुक्रवार को गाजियाबाद में ही नहीं रहूंगा।

### मैं अपना जन्मदिन भी पार्टी की चुनाव प्रचार ड्यूटी में ही मनाऊंगा : सुनील शर्मा

करंट क्राइम। कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि वो सबसे पहले भाजपा कार्यकर्ता हैं और उनके लिए संगठन सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि मेरा जन्मदिन भी शनिवार को है। 11 मई को मेरा भी जन्मदिन है लेकिन मैं अपने जन्मदिन पर पार्टी संगठन द्वारा लगायी गई चुनाव प्रचार ड्यूटी में रहूंगा। उन्होंने बताया कि 11 मई से 14 मई तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र बनारस में चुनाव ड्यूटी पर रहेंगे। अपना जन्मदिन भी चुनाव प्रचार ड्यूटी में ही मनायेंगे। 14 मई के बाद उनकी चुनाव प्रचार ड्यूटी रायबरेली में रहेगी।

### 'मुझे किसी ने नहीं बुलाया इसीलिए मैं जाता भी नहीं'

करंट क्राइम। कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने स्पष्ट कहा कि उनकी यही शुभकामना है कि जनरल वीके सिंह हमेशा स्वस्थ रहें, प्रसन्न रहें।

# पूर्व मेयर अशु वर्मा ने माना, नगर निगम नहीं हुआ है कमीशनखोरी से मुक्त

## यक्ष और युधिष्ठिर वाले सवाल पर किया सत्य स्वीकार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अशु वर्मा गाजियाबाद के मेयर रहे हैं। तेलूराम काम्बोज के निधन के बाद यह सीट खाली हुई थी और यहां उपचुनाव हुआ था। यहां 17 प्रतिशत के पोल में अशु वर्मा लगभग 45 हजार वोटों से चुनाव जीते थे। उन्होंने नगर निगम की पारी नायक अंदाज में खेली थी। कई मौकों पर खुद छापा मारकर कमियां पकड़ी थी। करंट क्राइम ने उनसे यक्ष और युधिष्ठिर वाला सवाल किया और पूछा किया क्या नगर निगम में कमीशन लिया जाता है और इस व्यवस्था पर कैसे रोक लगायी जाये। तब पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि निगम बहुत बड़ी व्यवस्था है और व्यवस्था पर अंकुश लगाना जाना चाहिए। यहां पर पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि कमीशन नीचे से ऊपर तक बंटता है और इस भ्रष्टाचार पर रोक तभी लग सकती है तब इतने अधिकार किसी व्यक्ति को दिये जाने चाहिए कि वो नीचे से ऊपर तक सबका ईलाज कर सके। ये अधिकार प्रदेश की सरकार को तय करने हैं। उन्होंने कहा कि सवाल यक्ष है लेकिन यहां मेरा पक्ष है कि निगम एक बहुत बड़ी व्यवसथा है और यहां मेयर को और अधिक अधिकार दिये जान की जरूरत है। अगर मेयर के पास किसी भ्रष्ट को निलंबित करने का अधिकार होगा तो व्यवस्था पर अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ये अधिकार प्रदेश सरकार को तय करने है लेकिन मेयर को अधिकार दिये जाने चाहिए। जब उनसे यह सवाल हुआ कि क्या कमीशन वाली व्यवस्था आपको भी छू कर गुजरी है तो अशु वर्मा ने स्पष्ट कहा कि मुझे इतनी खराब व्यवस्था छू ले इसका सवाल ही नहीं होता है।

# आज दूधेश्वर नाथ मंदिर में पूजन-अर्चन कर जनरल मनाएंगे अपना जन्मदिन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह का आज जन्मदन है। वो अपने जन्मदिन पर राजनगर स्थित आवास पर रहें।



जनरल वीके सिंह आज सुबह 9 बजे दिल्ली से प्रस्थान करेंगे। वो सबसे पहले दूधेश्वर नाथ मंदिर पहुंचेंगे। बताया जाता है कि जनरल वीके सिंह दूधेश्वर नाथ मंदिर पर भगवान भोले पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर अपने जन्मदिन की शुरूआत करेंगे। भगवान भोलेनाथ के दर पर माथा टेकने के बाद जनरल अपने राजनगर स्थित आवास पर पहुंचेंगे। यहां वह भंडारा वितरित करेंगे और अपने आवास पर स्थित सभी लोगों से मुलाकात करेंगे।

## एमएलसी दिनेश गोयल ने दी जनरल वीके सिंह को बधाई



एमएलसी दिनेश गोयल ने केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह को उनके जन्मदिन पर बधाई शुभकामनाएं दीं है। एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि जनरल वीके सिंह सही मायनों में राजनीति में विकास और ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विकास के विजन में वो कभी राजनीति को हावी नहीं होने देते हैं। एमएलसी दिनेश गोयल ने उनके जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उन्हें बधाई शुभकामनाए दी है। एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि 10 वर्षो के कार्यकाल में जनरल वीके सिंह ने विकास को प्राथमिकता दी। एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि वह इस बार उनके जन्मदिन पर राजनगर स्थित आवास पर नही पहुंच सकेंगे क्योंकि वह जरूरी कार्य से राम नगर में रहेंगे। बाहर होने के कारण वह राजनगर वाले भंडारे में नही रहेंगे।



## देश के संकट मोचक और राजनीतिक ईमानदारी के प्रतिक हैं जनरल वीके सिंह : जगदीश साधना

करंट क्राइम। भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदीश साधना ने केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह को उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। जगदीश साधना ने कहा कि जनरल वीके सिंह जैसे लोग पूरे देश की आनबान और शान हैं। उन्होंने कहा कि वह खाड़ी देशों में फंसे भारतीय मजदूरों के लिए संकट मोचक बने। वह यूक्रेन युद्ध में फंसे भारतीय छात्रों के लिए संकट मोचक बने। भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदीश साधना ने के केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह जैसे ईमानदार नेता गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रहे हैं। दस वर्षों के सांसद कार्यकाल में कोई उन पर दस पैसे का भी आरोप नहीं लगा सका है। ये उपलब्धि अपने आप में बड़ी है। राजनीति की काली कोठरी में उन्होंने खुद को बेदाग रखा है। जगदीश साधना ने कहा कि मैं जनरल वीके सिंह के जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में उनका सम्मान करता हूं जिनके जीवन में अनुशासन सर्वोपरि है। जिनका पूरा जीवन देश की रक्षा के लिए समर्पित है। एक सांसद के रूप में उन्होंने गाजियाबाद को विकास की बड़ी सौगात दी है।

# भाजपा की सरकार फिर से आई तो पुलिसकर्मियों को भी बना देगी अग्निवीर : अखिलेश यादव

**लखनऊ ।** अखिलेश यादव ने बहराइच में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान के पहले तीन चरणों में ही स्पष्ट हो गया है कि भाजपा काफी पीछे है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा की सरकार फिर से आ गई तो पुलिसकर्मियों को भी अग्निवीर बना दिया जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे। उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता ने पहले, दूसरे और तीसरे चरण के मतदान में भाजपा को काफी पीछे कर दिया है। चौथे और पांचवें चरण के मतदान में आप लोग मतदान कर इनके मंसूबों को रोकने का काम करें।

शहर के गेंद घर मैदान में बृहस्पतिवार को सपा मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की जनसभा आयोजित हुई। पूर्व मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से दोपहर 12:15 बजे पुलिस लाइन पहुंचे। इसके बाद वह चार पहिया वाहन से शहर के गेंद घर मैदान पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री का सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। अखिलेश भैया जिंदाबाद के



नारे लगाए। बहराइच, कैसरगंज और गोंडा के प्रत्याशियों के समर्थन में उन्होंने सभा को 12.40 बजे संबोधित करना शुरू किया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा पूरे ब्रह्मांड की सबसे बड़ी झूठी पार्टी है।

जबकि वह विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने का दावा करती है लेकिन विकास के नाम पर काफी पीछे है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने डबल इंजन की सरकार में किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया लेकिन किसानों की कमाई को बिचौलियों के हाथ में सौंप दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 4 साल के लिए अग्निवीर योजना शुरू की है। इससे युवाओं में नाराजगी है।

अगर भारतीय जनता पार्टी की फिर सरकार बनी तो हमारी और आपकी सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को भी अग्निवीर योजना में शामिल कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां मौजूद भीड़ बता रही है कि आने वाले चौथे और पांचवें चरण में गठबंधन प्रत्याशियों को बहुमत मिलेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि पहले, द्वितीय और तृतीय चरण के चुनाव में जनता ने भाजपा के झूठ की हवा निकालते हुए उनके मंसूबों को पर पानी फेर दिया है।

पूर्व सीएम ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास का कोई जिक्र नहीं किया जा रहा सिर्फ हिंदू और मुस्लिम में लड़ाया जा रहा है। इस दौरान सभी प्रत्याशी और काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### इंजन हुआ खराब

अखिलेश यादव ने कहा कि अभी वह बहराइच के पुलिस लाइन में हेलीकॉप्टर से उतरे। उसके बाद वहां से गेंद घर के लिए रवाना हुए रास्ते में उन्होंने देखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बोर्ड लगा हुआ है जिसमें डबल इंजन की सरकार का स्लोगन ही गायब है। उन्होंने कहा कि पोस्टर से ही साबित हो रहा है कि जनता इनके साथ नहीं है।

# केंद्र के 65 लाख पेंशनरों को राहत, अब चंद सेकंड में मिलेगी पेंशन एरियर की जानकारी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग के अंतर्गत 'केंद्रीय पेंशन लेख कार्यालय' द्वारा करीब 65 लाख पेंशनरों को राहत प्रदान की गई है। इलेक्ट्रॉनिक पेंशन पेमेंट ऑर्डर (ई-पीपीओ) में अब मेडिकल अलाउंस और एरियर का कॉलम भी शामिल किया गया है।

इसके माध्यम से पेंशनर, अपने मेडिकल अलाउंस और पेंशन एरियर की जानकारी चंद सेकंड में ले सकते हैं। 'केंद्रीय पेंशन लेख कार्यालय' द्वारा सभी प्राधिकृत बैंकों के सीपीपीसी/जीबीडी के हेड को निर्देश दिया गया है कि वे अपने सिस्टम को अपग्रेड कर लें। पेंशनरों को किसी तरह की असुविधा न हो। भविष्य में पेंशनरों के मेडिकल अलाउंस और उनके एरियर से जुड़े सभी केस, इलेक्ट्रॉनिकली भेजे जाएंगे।

'केंद्रीय पेंशन लेख कार्यालय' द्वारा छह मई को जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, इस मामले में गत माह चीफ कंट्रोलर (पेंशन) की अध्यक्षता में बैठक हो चुकी है। बैठक में 'पेंशन एरियर' और 'तय मेडिकल अलाउंस' को लेकर विस्तृत चर्चा हुई थी। उसके बाद यह निर्णय लिया गया है कि इन्हें इलेक्ट्रॉनिक पेंशन पेमेंट ऑर्डर में शामिल कर दिया जाए। सभी प्राधिकृत बैंकों के सीपीपीसी/जीबीडी के प्रमुखों से कहा गया है कि वे 15 मई तक जरूरी बदलाव कर लें। इसके सार्थक नतीजे मिलने के बाद मेडिकल अलाउंस और एरियर से जुड़े सभी केसों की प्रक्रिया, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से पूरी होगी। इलेक्ट्रॉनिक पेंशन पेमेंट ऑर्डर में मेडिकल अलाउंस



और एरियर, ये दोनों कॉलम शामिल होने के बाद पेंशनरों को किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं आएगी। उन्हें मैनुअल प्रक्रिया से निजात मिलेगी। कोई भी पेंशनर, ईपीपीओ में यह देख सकेगा कि उसके मेडिकल अलाउंस या एरियर की क्या स्थिति है। अगर संबंधित बैंकों को इस प्रक्रिया को शुरू करने में कोई दिक्कत आती है, तो उस स्थिति में तकनीकी मदद के लिए धीरज कुमार (साइंटिफिक अफसर एसबी, सीपीएओ) से संपर्क किया जा सकता है।

# दिल्ली में भाजपा का विरोध-प्रदर्शन, वीरेंद्र सचदेवा बोले : राहुल गांधी मांगें माफी

**नई दिल्ली।** सैम पित्रोदा के इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद भी बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। रंगभेदी टिप्पणी करने पर सैम पित्रोदा और कांग्रेस के खिलाफ दिल्ली भाजपा ईकाइ ने मोर्चा खोल दिया है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सैम पित्रोदा की विवादित टिप्पणी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि कांग्रेस देश के बंटवारे को लेकर एक गहरी साजिश रच चुकी है। भारत की ताकत उसकी सांस्कृति, एकता और अखंडता है। उन्होंने आगे कहा कि सैम पित्रोदा ने नस्लीय टिप्पणी की थी। कांग्रेस पूरे देश को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। हम मांग करते हैं कि राहुल गांधी को माफी मांगने चाहिए। उन्होंने सभी भारतीयों की बदनामों की है। भाजपा सांसद रामबीर सिंह बिधूड़ी भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। कांग्रेस




की बढ़ी मुश्किलें इससे पहले कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने कुछ ऐसा कह दिया था, जिसे लेकर बुधवार को विवाद खड़ा हो गया। उन्होंने कहा था कि देश के पूर्वी हिस्से के लोग चीनी और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी नागरिकों जैसे दिखते हैं। हम 75 साल से बहुत सुखद माहौल में रह रहे हैं, जहां कुछ लड़ाइयों को छोड़ दें तो लोग साथ रह सकते हैं। हम भारत जैसे विविधता से भरे देश को एकजुट रख सकते हैं। जहां पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं, पश्चिम के लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर के लोग गोरों और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी जैसे लगते हैं।

### सैम पित्रोदा का विवादित बयान

सैम पित्रोदा ने भारत की विविधता पर बात करते हुए कहा कि भारत में पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं तो दक्षिण में लोग अफ्रीकी लगते हैं। वहीं पश्चिम में लोग अरबी लगते हैं और उत्तर भारतीय गोरे होते हैं।

# लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए बंगाल में बढ़ेगी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को पश्चिम बंगाल की आठ लोकसभा सीटों के लिए मतदान होना है। इन क्षेत्रों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की तैनाती में 42 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी



(सीईओ) कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि चौथे चरण के लिए सीएपीएफ की कुल 578 कंपनियां तैनात की जाएंगी जो तीसरे चरण (जिसमें चार सीटों पर मतदान हुआ था) के 406 के आंकड़े की तुलना में काफी अधिक है।

सीईओ कार्यालय के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा, "चौथे चरण के मतदान के समय पश्चिम बंगाल में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की कुल 596 कंपनियां तैनात की जाएंगी। इनमें से 578 कंपनियों को चुनाव ड्यूटी पर होंगी, जबकि बाकी को रिजर्व में रखा जाएगा। इन 578 कंपनियों में से 430 को मतदान केंद्रों पर तैनात किया जाएगा जबकि शेष 148 कंपनियों को त्वरित प्रतिक्रिया टीमों के गठन के लिए रखा जाएगा।" चौथे चरण में जिन आठ लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, उनमें बहरामपुर, कृष्णानगर, राणाघाट, बर्धमान पुरबा, बर्धमान -दुगार्पुर, आसनसोल, बोलपुर और बीरभूम शामिल हैं।

# सपा और भाजपा की सरकारों में सबसे ज्यादा ब्राह्मणों के साथ हुई नाइंसाफी : मायावती

**कन्नौज।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कन्नौज में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यूपी में सपा और भाजपा की सरकारों में सबसे ज्यादा अपर कास्ट में ब्राह्मणों के साथ नाइंसाफी हुई। उन्होंने कहा कि बसपा ब्राह्मणों की हितैषी पार्टी है। भाजपा की सरकारों में ब्राह्मणों का शोषण बंद नहीं हुआ। चाहे कानपुर मंडल की बात की जाए या कन्नौज की बात की जाए।

अभी भी शोषण हो रहा है, जो थमने का नाम नहीं ले रहा है। गलत आर्थिक नीति के चलते छोटे और मध्यम व्यापारियों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। सपा की सरकार में प्रदेश में दलित और वंचित वर्ग से भेदभाव हुआ। सपा की सरकार ने दलित महापुरुषों के नाम से बनाए गए जिलों, संस्थानों और पार्कों का नाम बदल दिया। उन्हें अब इस वर्ग से वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं है। बसपा प्रमुख मायावती ने इलेक्टोरल बॉन्ड का हवाला देकर अपनी पार्टी को पाक साफ बताया। उन्होंने कहा कि बसपा कभी धन्ना सेठों से पैसे नहीं लेती, यह बात सुप्रीम कोर्ट के खुलासे से साफ हो चुका है। बसपा अपने कार्यकताओं और उम्मीदवारों से मिले आर्थिक सहयोग से ही



गतिविधियों को संचालित करती है। भाजपा और कांग्रेस की कथनी और करनी में फर्क है।

यह तय हो गया है कि इस चुनाव में भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं होने जा रही है। मायावती ने आगे कहा कि बसपा के नेतृत्व में सभी वर्गों का सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय की तर्ज पर ध्यान दिया जाएगा। किसी का शोषण नहीं होगा। बसपा ने चार बार यूपी की सरकार में जो कल्याणकारी काम किए, उसे अब दूसरे प्रदेशों की सरकार नकल करके चला रही है। केंद्र में मौका मिला तो यूपी के उसी मॉडल की तर्ज पर केंद्र में भी सरकार चलाई जाएगी।

# मध्य प्रदेश के एमएलए को भारतीय आदिवासी पार्टी ने निकाला!



**भोपाल ।** मध्य प्रदेश में भारतीय आदिवासी पार्टी के एकमात्र विधायक कमलेश्वर डोडियार को पार्टी ने निकाल दिया है। ऐसा उन्हें मौखिक बताया गया है। डोडियार का दावा है कि उन्हें लिखित में कोई जानकारी नहीं मिली है। मध्य प्रदेश के इकलौते गैर-भाजपा और गैर-कांग्रेस विधायक यानी भारतीय आदिवासी पार्टी (बाप) से चुनाव जीते कमलेश्वर डोडियार की पार्टी से नहीं बन रही है।

बाप ने उन्हें बाहर निकालने की तैयारी कर ली है। उनका कहना है कि मुझे जहां बोला गया, वहां जाकर मैंने चुनाव प्रचार किया। यह बात बेबुनियाद है कि मैंने पार्टी की बात नहीं मानी। मुझे भी पार्टी से निकालने की बात मौखिक ही पता चली है। कोई पत्र नहीं मिला है। कमलेश्वर डोडियार की पार्टी भारतीय आदिवासी पार्टी (बाप) मध्य प्रदेश में पांच सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इनमें मंडला और बैतूल में मतदान हो चुका है। रतलाम, धार और खरगोन में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा। डोडियार पर आरोप है कि वह पार्टी के लिए लोकसभा चुनावों में प्रचार नहीं कर रहे हैं। इसे लेकर उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल रोत ने नोटिस भी भेजा है। डोडियार ने कहा कि उनकी पेटलावद में रोत से मुलाकात होगी। आपकी पार्टी आपसे नाराज है? चुनाव प्रचार में शामिल होने के लिए नोटिस भी भेजा है। क्या आपको पार्टी से निकाल दिया है?

मुझे भी मौखिक ही पता चला है कि मुझे पार्टी से बाहर निकाल दिया है। मुझे अभी बताया नहीं गया है। एक पत्र मिला है। उसमें लोकसभा चुनाव में सक्रियता नहीं दिखाने की बात लिखी है। हकीकत तो यह है कि मुझे मंडला में चुनाव प्रचार के लिए बोला गया। मैंने वहां जाकर प्रचार किया। इसके बाद न तो मुझे प्रचार करने को बोला गया और न ही कोई सूचना दी गई।

अभी मुझे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पेटलावद बुलाया है। मैं न्यायिक और संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं की तैयारी कर रहा हूं। 12 से 16 घंटे पढ़ाई को देना पड़ता है। पार्टी मुझसे बोलेगी कि आपको यहां प्रचार करना है तो मैंने मना नहीं किया। मुझे प्रचार करने के लिए बोला ही नहीं गया। मैं किसी दूसरी पार्टी के लिए प्रचार तो नहीं कर रहा हूं। यदि पार्टी मुझ पर कोई एक्शन लेगी तो मेरी लीगल टीम उसका जवाब देगी। मध्य प्रदेश सरकार में मंत्रियों की बात पटवारी नहीं सुन रहे। बाबू नहीं सुन रहे। हम तो विपक्ष के विधायक हैं। हमारे पत्रों को तो अधिकारी बहाने बनाकर टाल देते हैं। आज मेरे क्षेत्र में आदिवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

कई महिलाओं को योग्य होने के बावजूद लाड़ली बहना योजना का फायदा नहीं मिल पा रहा है। केंद्र की योजनाओं का फायदा नहीं मिल पा रहा है। अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। डोडियारः मैं दोनों ही पार्टी में नहीं जाऊंगा। भाजपा ने मुझे बहुत परेशान किया।

मुझ पर झूठे आरोप लगाए। मेरे खिलाफ एक करोड़ रुपये मांगने का झूठा आरोप लगाकर केस किया गया है। कांग्रेस ने लंबे समय तक देश में राज किया। दोनों ही पार्टी की सरकारों में आदिवासियों का शोषण हुआ है। मेरे क्षेत्र धार, झाबुआ, अलीराजपुर, रतलाम में आदिवासी परिवार गरीबी में जी रहे हैं। फटे कपड़ों में जिंदगी बता रहे हैं। उनके पास सब्जी बनाने के लिए तेल खरीदने को पैसे नहीं है। बच्चों को पढ़ाने के लिए पैसे नहीं है।

# राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग कांग्रेस ने राज्यपाल से मांगा समय

### ● जे जे पी ने लिखा पत्र, संकट में हरियाणा सरकार

**हिसार ।** हरियाणा में हो रही राजनीतिक उठापटक के बीच पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटला का कहना है कि दो महीने पहले बनी सरकार अब अल्पमत में है क्योंकि उन्हें समर्थन देने वाले दो विधायकों ने इस्तीफा दे दिया है।

उनका समर्थन कर रहे तीन निर्दलीय विधायकों ने अपना समर्थन वापस ले लिया है। हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम और जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को पत्र लिखकर राज्य की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया है कि सरकार को बहुमत साबित करने के लिए तुरंत फ्लोर टेस्ट के लिए बुलाया जाए और अगर सरकार ऐसा



करने में विफल रहती है तो राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। वहीं, कांग्रेस के विधायक दल ने राज्यपाल से मिलने का समय मांगा है।

विधायक दल का कहना है कि वह जल्द राज्यपाल से मिलना चाहता है। कांग्रेस ने कहा है कि हरियाणा की बीजेपी सरकार बहुमत खो चुकी है, जिसके चलते राज्यपाल से राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि विकास और पार्टी के स्पष्ट रुख को देखते हुए जेजेपी वर्तमान सरकार को अपना समर्थन नहीं देती है और सरकार बनाने के लिए किसी भी अन्य राजनीतिक दल को समर्थन देने के लिए तैयार है, यह स्पष्ट है कि मौजूदा सरकार के पास अब कोई कमान नहीं है।

वहीं, दुष्यंत ने भाजपा पर नए तरीके से हॉर्स ट्रेडिंग के भी आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल को पत्र लिखकर साफ कहा है कि अगर इस सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है तो हम प्रस्ताव का समर्थन करेंगे। कहा कि अब कांग्रेस को यह कदम (फ्लोर टेस्ट की मांग) उठाना होगा। राज्यपाल के पास फ्लोर टेस्ट का आदेश देने की शक्ति है कि सरकार के पास सरकार चलाने के लिए बहुमत है या नहीं और यदि उसके पास बहुमत नहीं है तो राज्य में तुरंत राष्ट्रपति शासन लागू करें।

### रांची में जमीन घोटाले के संदिग्ध कारोबारी ने की खुदकुशी

**रांची।** रांची के बहुचर्चित जमीन कारोबारी कृष्ण कांत सिन्हा ने गुरुवार को खुदकुशी कर ली। उनका शव लालपुर स्थित उनके आवास में पंखे से लटकता पाया गया। कृष्ण कांत सिन्हा रांची के बहुचर्चित जमीन घोटाले में ईडी की ओर से चल रही जांच में संदिग्ध थे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या. - AHK-II/7, इन्दिरापुरम, गाजियाबाद के आवंटी श्री सचिन यादव पुत्र स्व० श्री सीता राम यादव द्वारा उक्त भूखण्ड के बावत दिनांक 15.11.2002 को श्री जतन स्वरूप पुत्र स्व० श्री पृथ्वी सिंह को मु०आम नियुक्त किया गया। मु०आम द्वारा भूखण्ड की फ्री-होल्ड डीड आवंटी के पक्ष में दिनांक 21.04.2004 को निष्पादित कराने के उपरान्त भूखण्ड का विक्रय दिनांक 15.06.2006 को श्रीमती ब्रहमवती पत्नी श्री जतन स्वरूप व श्रीमती बबीता त्यागी पत्नी श्री महेशदत्त त्यागी के पक्ष में कर दिया गया। तदोपरान्त श्रीमती ब्रहमवती द्वारा अपने भाग की गिफ्ट डीड दिनांक 08.04.2024 को श्री शिवदीप त्यागी व श्री विश्वदीप पुत्रगण स्व० श्री जतन स्वरूप के पक्ष में कर दी गयी। अब श्रीमती बबीता त्यागी। श्री शिवदीप त्यागी व श्री विश्वदीप द्वारा शपथ पत्र, पहचान पत्र, मु०आम व विक्रय पत्र की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के अभिलेखों में अपना नाम संयुक्त रूप से दर्ज कराने का अनुरोध किया गया है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी/विक्रेता के नाम के स्थान पर श्रीमती बबीता त्यागी पत्नी श्री महेश दत्त त्यागी, श्री शिवदीप त्यागी व श्री विश्वदीप पुत्रगण स्व० श्री जतन स्वरूप का नाम संयुक्त रूप से दर्ज कर लिया जायेगा। तदोपरान्त कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सहा० प्रभारी सम्पत्ति गाजियाबाद विकास प्राधिकरण गाजियाबाद।

# भारत में अल्पसंख्यकों की बढ़ती आबादी तोड़ रही करदाताओं का मनोबल

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आर्थिक सलाहकार परिषद की तरफ से एक रिपोर्ट आई है, जिसमें यह खुलासा हुआ है कि दुनिया के अधिकांश मुस्लिम बहुसंख्यक देश में मुसलमानों की आबादी बढ़ी है। वहीं, हिंदू, ईसाई और अन्य धर्म बहुल देशों में बहुसंख्यक आबादी कम हुई है।

इसको लेकर आईएएनएस से टैक्सएब संस्था के अध्यक्ष, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनसंख्या विशेषज्ञ मनु गौड़ ने कहा कि अब देश में बढ़ती आबादी और जनसांख्यिकीय परिवर्तन को रोकने के लिए एक उचित जनसंख्या नीति बनाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद ने दुनिया के 167 देशों को लेकर



इस रिपोर्ट में यह खुलासा किया है। रिपोर्ट की मानें तो 1950 से 2015 के बीच आए जनसांख्यिकी बदलाव के तहत भारत में हिंदुओं की आबादी 7.82 फीसदी कम हुई है। जबकि, मुसलमानों की आबादी 43.15 फीसद बढ़ी है। इतना ही नहीं इस रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र है कि भारत के पड़ोसी हिंदू बहुल नेपाल में इसी तरह हिंदुओं की जनसंख्या में कमी देखने को मिली है। इसको लेकर आईएएनएस ने टैक्सएब संस्था के अध्यक्ष, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनसंख्या विशेषज्ञ मनु गौड़ से इस बारे में जानने की कोशिश की।

दरअसल, मनु गौड़ लगातार कई राज्यों के मुख्यमंत्री से मिलकर बढ़ती जनसंख्या पर अपनी चिंता जाहिर कर चुके हैं। मनु गौड़ ने देश में जनसंख्या नियंत्रण की आवाज को बुलंद किया और लाल किले की प्राचीर से इस गंभीर मुद्दे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उठाया। अब प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट आने के बाद इसको लेकर चर्चा तेज हो गई है। जिसे लेकर आईएएनएस से मनु गौड़ ने कहा कि आज जो रिपोर्ट जनसंख्या से संबंधित आई है, उसमें कुछ चीजें देखने लायक है

इस रिपोर्ट को बड़ी गंभीरता से लेने की जरूरत है। इस रिपोर्ट में जो नजर आ रहा है कि 1950 से लेकर 2015 तक के 65 वर्षों में दुनिया के 167 देशों में धार्मिक आधार पर जनसंख्या में जो परिवर्तन हुआ है, वह चिंता का विषय है। इसमें से 123 देश ऐसे हैं, जहां पर बहुसंख्यक आबादी में कमी और अल्पसंख्यक आबादी में बढ़ोत्तरी हुई है। इस रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि जिन 123 देशों में यह परिवर्तन आया है, उन देशों में कौन सी अल्पसंख्यक जातियां या धर्म के लोग हैं, जिनकी आबादी बढ़ी है। इसको अगर समझें तो बड़ी आसानी से हम समझ सकते हैं कि यूरोप के देशों में, मिडिल ईस्ट के देशों में बहुसंख्यक आबादी कम हो रही है और अल्पसंख्यक आबादी बढ़ रही है।

उन्होंने आगे कहा कि इन देशों में किस विशेष वर्ग की आबादी बढ़ रही है, ये बताने की आवश्यकता नहीं है। उसमें भारत भी शामिल है, जिसके साथ इस रिपोर्ट में चीन भी नजर आ रहा है, जहां चीनी आबादी में भी कमी आई है। चीन में भी एक विशेष वर्ग की जनसंख्या में वृद्धि हुई है।

आवश्यकता है



पद - ड्राइवर

ग़ाज़ियाबाद नगर निगम द्वारा संचालित डोर-2-डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु नेचर ग्रीन टूल्स एंड मशीन्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में TATA ACE के ड्राइवरों की भारी मात्रा में भर्ती निकली है।

पता – गार्बेज फेक्ट्री हिंडन विहार, ग़ाज़ियाबाद उत्तर प्रदेश- 201001

संपर्क करें:- 8287949834, 9871942792, 8181813771

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।।शुक्रवार 10 मई -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# मतदान के बाद से ही घट रहा है भाजपा नेताओं का चुनावी जीत का आंकड़ा

## कैबिनेट मंत्री बोले 6 लाख और पूर्व मेयर बोले 4 लाख से जीतेंगे लोकसभा चुनाव

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा का गढ़ गाजियाबाद है और यहां पर चुनाव से पहले खुद लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग ने ये दावा किया था कि भाजपा यहां 8 से 10लाख वोटों से चुनाव जीतेगी। ये दावा कब था जब अतुल गर्ग उम्मीदवार भी घोषित नहीं हुए थे। उसके बाद देश की सबसे बड़ी विधानसभा के सबसे ज्यादा वोटों से जीते हुए विधायक और प्रदेश सरकार में कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने ये दावा किया था कि भाजपा 8 लाख वोटों से चुनाव जीतेगी। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने भी 8 लाख वोटों से चुनाव जीतने का दावा किया था। मगर ऐसा क्या हुआ कि मतदान के बाद से भाजपा नेताओं के जीत वाले अनुमान नीचे आ रहे हैं। लगातार वो अपनी जीत का मार्जिन घटा रहे हैं। इसकी वजह वो कम मतदान का बता रहे हैं। करंट क्राइम ने जब कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा को उनका पुराना वादा याद दिलाया तो उन्होंने भी कम मतदान को जिम्मेदार बताया। यही हाल पूर्व मेयर अशु वर्मा का भी रहा। उन्होंने भी कहा कि मैं अपने वादे पर कायम हूं जब वोट प्रतिशत ही घट गया तो फिर वोट मार्जिन पर भी इसका असर पड़ेगा। भाजपा के नेता मतदान के बाद से ही लगातार अपने ही दावे को काट रहे हैं। वो कम मतदान को जिम्मेदार बताते हुए अपने दावों को घटा रहे हैं।



### 2 लाख वोट हैं घटी इसलिए 6 लाख वोटों से होगी जीत : सुनील शर्मा



करंट क्राइम। कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने जब करंट क्राइम ने कहा कि आपने तो भाजपा की जीत का आंकड़ा 8 लाख से जीत का बताया था। तो सुनील शर्मा ने कहा कि मैं अपने दावे पर कायम हूं लेकिन मतदान प्रतिशत में इतना अंतर आया है। इसीलिए उसके अनुपात में अब जीत का मार्जिन आयेगा। कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि तब 16 लाख वोटों का अनुमान था लेकिन वोट केवल 14 लाख ही डल पायी। अगर 2 लाख वोट कम हुई है तो फिर इसका असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अब भाजपा यहां 8 लाख से नहीं बल्कि 6 लाख वोटों से चुनाव जीतेगी। कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने दावा किया कि उनकी विधानसभा साहिबाबाद में भाजपा को 2 लाख से अधिक वोटों की बढ़त प्राप्त होगी।

### मतदान हुआ है कम फिर भी 4 लाख प्लस से जीतेंगे हम : अशु वर्मा



करंट क्राइम। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने ये दावा किया था कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 8 लाख से अधिक वोटों से चुनाव जीतेगी। करंट क्राइम ने पूर्व मेयर को उनका दावा याद दिलाया और पूछा कि क्या वो अपने दावे पर कायम है। तब पूर्व मेयर अशु वर्मा ने यहां मतदान के बाद का आंकड़ा समझाया।

उन्होंने कहा कि मैं अपने दावे पर कायम हूं लेकिन मतदान प्रतिशत कम होने के बाद से समीकरण भी बदला है। उन्होंने कहा कि जब मैंने 8 लाख से अधिक की जीत का दावा किया था तब ये अनुमान था कि 60 से 65 प्रतिशत के बीच में मतदान होगा। लेकिन मतदान प्रतिशत ही बहुत कम रहा। इसका असर चुनाव पर पड़ेगा। अशु वर्मा ने कहा कि हम वोट प्रतिशत कम होने के बाद भी चुनाव जीतेंगे। उन्होंने दावा किया कि यहां भाजपा के अतुल गर्ग 4 लाख प्लस वोटों से चुनाव जीतेंगे।

# 99 और 100 के फेर में उलझ गया पानी का पॉल्यूशन

## दो भाजपा पार्षद कह रहे हमारा है क्षेत्र और हमने कराया सॉल्यूशन

वरिष्ठ संवाददाता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मामला नदिया पार के दो वार्ड का है और यहां पर एक सोसाइटी ऐसी मिली है जिसमें दो निगम के पार्षद ये दावा कर रहे हैं कि ये सोसाइटी हमारे वार्ड में आती है। दोनों पार्षद भाजपा के हैं और अब सोसाइटी पर वार्ड क्षेत्र को लेकर जंग हो रही है। सीन ये है कि 99 और 100 के वार्ड में पानी के पोल्यूशन का मामला उलझ गया है। ये मामला इन्दिरापुरम की साया गोल्ड सोसाइटी का है। यहां पर कुछ दिन पहले लगभग 1000 लोग दूषित पानी पीने से बीमार हो गये थे। ये बताया गया था कि सीवर का पानी किसी तरह वॉटर टैंक में पहुंच गया और उसके बाद इसका सोल्यूशन हुआ। लेकिन नई टेंशन ये आ गई है कि सोसाइटी एक है और दावेदार दो आ गये हैं। साया गोल्ड सोसाइटी को अपने वार्ड क्षेत्र में भाजपा के दो पार्षद बता रहे हैं। वार्ड 99 की पार्षद प्रीति अभिवन जैन का कहना है कि यह सोसाइटी उनके वार्ड में आती है। वार्ड 100 के पार्षद संजय सिंह कह रहे है कि यह सोसाइटी मेरे वार्ड क्षेत्र में आती है। जब कि ये दोनों ही वार्ड नगर निगम क्षेत्र में नहीं आते। ये दोनों वार्ड जीडीए के क्षेत्र में आते हैं। वॉटर पोल्यूशन के सोल्यूशन क्रेडिट को लेकर भाजपा के दो पार्षद आपस में उलझ रहे हैं। फिलहाल 99 और 100 के फेर में मामला उलझ गया है।




### प्रीति जैन ने समझाया मेरे वार्ड में आती है सोसाइटी गोल्ड साया



करंट क्राइम। वार्ड 99 की पार्षद प्रीति अभिनव जैन हैं उनका कहना है कि साया गोल्ड सोसाइटी मेरे वार्ड में आती है। उन्होंने कहा कि पानी की समस्या को लेकर मैंने ही हैल्थ विभाग से लेकर जीडीए को अवगत कराया। 1000 से ज्यादा लोगों की जांच करायी है। निगम का बूथ संख्या मेरे वार्ड में आता है। नगर निगम के चुनाव में साया गोल्ड सोसाइटी की वोट मेरे वार्ड में डली है। यहां पर पार्षद प्रीति अभिनव जैन ने निगम और लोकसभा का फर्क बताते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में कृष्णा अपरा गार्डन सोसाइटी में दो बूथ वार्ड 99 के बने थे। जिनमें एक बूथ 1286ए था। साया गोल्ड सोसाइटी की वोट यहीं डली थी। जब मैंने कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा को बुलाया था तो उन्होंने मेरे ही वार्ड में समस्या सुनी थी। लिहाजा ये सोसाइटी मेरे वार्ड 99 में आती है और पानी की समस्या का समाधान भी मैंने कराया है।

### मैंने करायी है जांच और ये क्षेत्र आता है वार्ड संख्या 100 में : संजय सिंह

करंट क्राइम। भाजपा पार्षद संजय सिंह वार्ड 100 से पार्षद हैं। उनका कहना है कि चमक धमक नहीं बल्कि बुनियादी सुविधायें होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि साया गोल्ड सोसाइटी का क्षेत्र मेरे वार्ड 100 में आता है। मेरे द्वारा ही यहां मैडिकल टीम भेजी गई और 1000 लोगों की जांच की गई। हमने ही यहां एलपीजी की टीम भेजी थी जो लगातार नजर रख रही है। संजय सिंह ने दावा किया कि यह सोसाइटी वार्ड संख्या 100 में आती है।



### निगम की रिपोर्ट बताती है साया गोल्ड वार्ड 99 में आती है

करंट क्राइम। साया गोल्ड सोसाइटी के वार्ड वाले दावे का मामला नया नहीं है। यह दो साल पुराना विवाद है। तब भी साया गोल्ड सोसाइटी के वार्ड का मामला आया था। तब नगर निगम के जोनल अधिकारी सहायक नगर आयुक्त विवेक त्रिपाठी ने एसडीएम सदर को भेजी अपनी रिपोर्ट में बताया था कि साया गोल्ड सोसाइटी वैभव खंड इन्दिरापुरम में स्थित है। नगर निगम के अवर अभियन्ता द्वारा दी गई आख्या के अनुसार साया गोल्ड सोसाइटी परिसीमन वर्ष 2017 के अनुसार वार्ड 99 के अन्तर्गत आती है। तब अवर अभियन्ता की रिपोर्ट में एसडीएम सदर से 09.11.2022 को ये कहा गया था कि साया गोल्ड सोसाइटी को वार्ड संख्या 99 इन्दिरापुरम में सम्मिलित कराया जाये और सभी नागरिकों के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराये जायें।

# पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने लिखा महापौर को पत्र, हिंडन नदी के पास वाली रोड का नाम हो हरनंदी मार्ग

## कहा- आपने पहले भी यहां के लिए उठाया था मुद्दा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पांच बार के पूर्व नगर निगम पार्षद राजेंद्र त्यागी ने महापौर सुनीता दयाल के नाम एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने जीटी रोड से हिंडन नदी के पश्चिमी तट पर अर्थला साइड जा रही रोड पर रेलवे लाइन के पास दोनों अंडरपास के बीच जो जगह जहां पीर मजार का ढांचा बना हुआ था, उसका सौंदर्यीकरण कराने के साथ ही इस पूरे मार्ग का नाम हर नंदी मार्ग किए जाने की मांग की है। उन्होंने महापौर सुनीता दयाल को लिखे पत्र में पुरानी जानकारी का भी हवाला दिया है। जिसमें बताया गया है कि वर्ष 2017 में उनके पास सुनीता दयाल ने फोन किया था और पूछा था कि यहां कुछ संदिग्ध गतिविधियां चल रही है। उसे बंद कराया जाए, जो ढांचानुमा स्थान है। उसको भी साफ करवाया जाए। बीते दिनों शुरू हुए नगर निगम द्वारा मंदिर तोड़े जाने के विवाद के बाद उनका यह पत्र काफी सुर्खियों में भी आया है।

### टी प्वाइंट का हो सुधार, सुरक्षा के लिए खतरा बना ये क्षेत्र



**राजेंद्र त्यागी ने कहा है कि मुझे आशा है कि अब तो आप महापौर हैं, इसलिए प्राथमिकता के आधार पर उपरोक्त कार्य आपके द्वारा जनहित में कराए जाएंगे।**

**करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद रहे वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र त्यागी ने महापौर को लिखे पत्र में कहा है कि हिंडन नदी के साथ की जो सड़क है, उसका नाम जो वसुंधरा तक जाती है हरनंदी मार्ग किया जाए। उसमें इस बात का भी हवाला दिया गया है, आपने पहले भी इस स्थान पर चले अवैध व्यक्तियों को संज्ञान में लिया था। वैसे भी यह इलाका रेलवे पुल व हिंडन एयरफोर्स स्टेशन के पास है। ऐसे में यहां की सुरक्षा भी बड़ा मुद्दा है। राजेंद्र त्यागी ने कहा है कि मुझे आशा है कि अब तो आप महापौर हैं, इसलिए प्राथमिकता के आधार पर उपरोक्त कार्य आपके द्वारा जनहित में कराए जाएंगे। पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने करंट क्राइम से बातचीत करते हुए कहा है कि सुनीता दयाल के पूर्व में आग्रह पर ही यहां से अतिक्रमण व अन्य गतिविधियां बंद कराई गई थीं।

# आम तोड़ना बच्ची के लिए बना मौत का सबब

## शिकायत के डर से 8वीं मंजिल से कूदकर दी जान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पेड़ से आम तोड़ना बच्ची के लिए भारी पड़ गया, बगीचे का मालिक आम तोड़ने की शिकायत करने पहुंचा तो बच्ची ने घर वालों के डर से बिल्डिंग के आठ माला से छलांग लगा कर जान दे डाली। मामला गाजियाबाद के थाना वेव सिटी क्षेत्र के एल आई जी बिल्डिंग सेक्टर 5 का है जहां 10 वर्षीय वासु पुत्री रंजीत किराए पर रहते हैं।

वासु के पिता पेंटर का कार्य करते हैं पड़ोस के एक बगीचे में जाकर वासु ने कुछ आम तोड़ लिए जिसकी शिकायत बगीचे का मालिक वासु के घर शिकायत करने पहुंचा तो वासु ने सुन लिया और घरवालों के डर से बिल्डिंग के 8 वें माले से छलांग लगा दी। जिसको पास के ही इंडो जर्मन अस्पताल में भर्ती कराया गया,इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

# 4 महीने में साइबर थाने ने 110 पीड़ितों को लौटाए 6 करोड़ 73 लाख रुपए

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में साइबर सेल थाने का गठन जनवरी 2024 में हुआ था। बीते चार महीने के दौरान गाजियाबाद साइबर क्राइम थाने ने अलग-अलग ठगी के मामलों के पीड़ितों को राहत पहुंचाने का काम किया है। गुरुवार को एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद द्वारा आंकड़ा जारी किया गया है। जिसमें जानकारी दी गई है कि बीते चार माह के दौरान कुल 116 मुकदमे साइबर क्राइम थाने में दर्ज किए गए हैं। तो वहीं 110 पीड़ितों को अलग-अलग फ्रॉड के मामले में रकम दिलवाले का काम भी गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट साइबर क्राइम थाने द्वारा किया गया है। साइबर क्राइम थाने द्वारा कुल 7 करोड़, 98 लाख, 32 हजार रुपए 27 जनवरी से लेकर 8 मई 2024 के बीच में होल्ड करवाए गए हैं। तो वही न्यायालय द्वारा जो रिफंड के आदेश जारी किए गए हैं उसमे अलग-अलग पीड़ितों को कुल 6 करोड, 73 लाख, 45 हजार रुपए से अधिक की धनराशि पीड़ितों के बैंक खाते में लौटी गई है। बड़ी संख्या में साइबर सेल द्वारा पीड़ितों को न्याय भी दिलाने का काम किया गया है। ऐसे में कई लोगों ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का आभार व्यक्त किया है, तो सोशल मीडिया पर भी उनकी प्रशंसा हो रही है।



## 7 करोड़, 98 लाख, 32 हजार रुपए करवाया होल्ड

### किसी को ठगा था टेलीग्राम टास्क पर तो कोई बना शेयर ट्रेडिंग का शिकार

करंट क्राइम : इस दौरान साइबर थाने के प्रभारी संतोष तिवारी ने बताया है कि बीते 4 माह के दौरान विभिन्न क्राइम की घटनाएं सामने आई हैं। जिसमें टेलीग्राम टास्क, फ्रॉड शेयर ट्रेडिंग, फ्रॉड फेडेक्स कूरियर, फ्रॉड और पुलिस ऑफिसर बन के मुकदमे का दबाव बनाकर ठगी की गई थी। इसमें तमाम मामलों में आरोपियों के पते और बैंक खातों की जांच पड़ताल के बाद न्यायालय के आदेश पर 6 करोड़, 73 लाख ,45 हजार रुपए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा साइबर क्राइम के शिकार पीड़ितो को दिलवाने का काम किया गया है।

### इन बातों पर दें ध्यान

- शेयर ट्रेंडिंग फ्रॉड से बचने के लिये अधिकारिक डीमेट एकाउंट से ही शेयर ट्रेंडिंग करें।
- किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।
- टेलीग्राम टास्क फ्राड से बचे।
- क्रेडिट कार्ड लिमिट बढाने आदि को लेकर आने वाली कॉल पर कोई भी बैंक डिटेल एव ओटीपी शेयर न करें।
- किसी भी सोशल साइट पर बिना पूर्ण जानकारी के किसी भी ग्रुप या टेलीग्राम/व्हाटसएप आदि से न जुडें।
- किसी के कहने पर कोई रिमोट एक्सेस ऐप जैसे एनीडेस्क/टीम व्यूवर आदि डाउनलोड न करें।



- वर्क फ्राम होम के एंड देखकर लालच में न पड़े।
- सोशल मीडिया से सम्बन्धित एप्लीकेशन में सुरक्षा हेतु टू-स्टेप एथेन्टीकेशन का हमेशा प्रयोग करें।
- किसी भी कस्टमर केयर नम्बर को गूगल पर सर्च करते समय सम्बन्धित कम्पनी की अधिकारिक वेबसाइट से ही नम्बर लें।
- जॉब के नाम पर,लोन के नाम पर,टावर लगाने के नाम पर एवं लाटरी के नाम पर, रिश्तेदार बनकर यदि कोई आपसे पैसा मांगता है तो आपके साथ फ्राड हो सकता है, उससे बचें।
- साइबर वित्तीय फ्राड होने पर तत्काल हेल्पलाइन नं0-1930 पर कॉल करें अथवा साइबर फ्राड होने पर वेवसाइट पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराये।

### पीड़ितों ने साइबर प्रभारी को दिया धन्यवाद



**करंट क्राइम :** साइबर क्राइम का शिकार आईटी सेक्टर में जॉब करने वाली शिल्पी नाम की महिला ने उनके साथ 80 हजार रुपये का फ्रॉड किए जाने का मुकदमा लिखवाया था। साइबर क्राइम गाजियाबाद के प्रभारी संतोष तिवारी और उनकी टीम द्वारा इस पूरे मामले में मेहनत की गई और पीड़ित शिल्पी का लगभग पूरा पैसा रिकवर करके उनको वापस लौट आया गया। जिसके बाद शिल्पी ने साइबर क्राइम थाने के प्रभारी को धन्यवाद वाला पत्र और उनकी सोशल मीडिया पर प्रशंसा भी की।

## संपादकीय

# राजनीति के साये में फलता माफिया तंत्र

आज समाज विरोधी तत्वों से जुड़े विभिन्न माफिया तथा गैंगस्टरों द्वारा देश में हिंसा तथा रक्तपात लगातार जारी है। इनके हौसले इतने बढ़ चुके हैं कि वे अपने मार्ग में बाधा बनने वाले किसी भी व्यक्ति की हत्या करने या उसे क्षति पहुंचाने से जरा भी संकोच नहीं करते। मध्य प्रदेश में शहडोल जिले के गोपालपुर गांव के रेत माफिया ने अवैध खनन रोकने के लिए गश्त कर रहे ब्यौहरी रैवेन्यू डिवीजन में तैनात प्रशान सिंह नामक पटवारी को अवैध खनन की रेत से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचल कर मार डाला। वहीं बिहार के बेगूसराय जिले में शराब तस्करों ने पुलिस द्वारा तलाशी के लिए उनकी गाड़ी रोकने की कोशिश करने पर एक दरोगा को कुचल डाला जबकि होमगार्ड का एक जवान घायल हो गया। भिंड (मध्य प्रदेश) के हिलगवां घाट पर रेत का अवैध खनन रोकने गए पुलिस अधिकारियों की गाड़ी को घेर कर रेत माफिया ने उन पर हमला कर दिया तथा लाठी मारकर एक पुलिस कर्मचारी का सिर फोड़ दिया।

ओडिशा में कटक जिले के दलुआ गांव में अवैध शराब और कच्चा माल रखने के आरोपी रवींद्र स्वैन के घर पर छापा मारने गई एक्साइज विभाग की टीम पर रवींद्र स्वैन और उसके घर वालों ने हमला करके न सिर्फ उनकी गाड़ी को तोड़ डाला बल्कि उनके साथ मारपीट भी की। मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में रेत के अवैध परिवहन में लगे ट्रैक्टर-ट्राली चालक ने एक सहायक पुलिस उपनिरीक्षक महेंद्र बागरी को कुचल कर मार डाला। अवैध खनन के लिए बदनाम इस क्षेत्र में अक्सर पुलिस तथा माफिया के सदस्यों के बीच झड़पें होती रहती हैं। बताया जाता है कि महेंद्र बागरी एक फरार आरोपी को पकड़ने के सिलसिले में जा रहे थे। रास्ते में उन्हें ट्रैक्टर-ट्राली दिखाई दी जिस पर रेत लदी हुई थी। उन्होंने उसे रोकना चाहा तो चालक ने ट्रैक्टर सहित भागने का प्रयास करते हुए उन्हें कुचल दिया। दिल्ली पुलिस ने अलीपुर गोलीकांड, जिसमें एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी, उसके सिलसिले में टिल्लू गैंग के 2 शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया। उन्होंने यह गोलीबारी अमित दबंग नामक एक गैंगस्टर के कहने पर की थी जो इस समय मंडोली जेल में बंद है। वही फिलहाल टिल्लू गैंग को चला रहा है। इसी तरह की स्थिति पर टिप्पणी करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने कहा कि राजनेताओं, अपराधियों और नौकरशाहों के बीच का अपवित्र गठबंधन मिटा देना चाहिए। लिहाजा इस संबंध में माफिया के विरुद्ध कड़ा अभियान के साथ-साथ उन्हें शरण देने वाले राजनीतिज्ञों और पुलिस कर्मचारियों, अधिकारियों आदि का पता लगा कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए बगैर इस समस्या का हल संभव नहीं।

# नए सत्र की शैक्षणिक चुनौतियां

**कोमल त्यागी**

अभी पिछले दिनों यूपी बोर्ड के 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित हुए हैं महर्षि दयानंद विद्यापीठ नेगतवर्षोंकी भांति इस वर्ष भी अपनी विशेषता स्थापित करने में सफलता पाई है।हाई स्कूल में एक बच्चे ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, और राज्य के टॉप 10 में दसवां स्थान प्राप्त किया है, साथ ही अन्य चार बच्चों ने जनपद के टॉप 10 में स्थान बनाया है।विद्यालय के सभी बच्चे न केवल प्रथम



श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं, बल्कि275बच्चों ने 75% और उससे अधिक,173 बच्चों ने 80% और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, 21 बच्चों ने 90% और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं।ऐसे ही कक्षा12 मेंभीचार विद्यार्थियोंने जनपद के टॉप टेनमें स्थान बनाया है।452बच्चेप्रथम श्रेणी में, 226बच्चों ने 75% और उससे अधिक,124 बच्चों ने 80% और उससे अधिक,14 बच्चों ने 90% और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम, गत वर्ष की तुलना में बेहतर हुए हैं।यहहमारे लिए संतोष का और आनंद का भी विषय है, लेकिन प्रतिस्पर्धा का स्तरभीऔरकड़ा हुआ है।प्रदेश में जिस10ड़ँ बच्चे ने प्रथम स्थान पाया है, उसके अंक 98.8 प्रतिशत है और हमारे विद्यालय के जिस बच्चे ने जनपद में प्रथम स्थान पाया है, उसके 96.83% है, इस प्रकार केवल 1.67% अंकों के बीच में 116 बच्चे हैं।इस कड़ी प्रतिस्पर्धा में हमें न केवल बने रहना है, बल्कि आगे बढ़ना है, तो अपने प्रयासों को और बेहतर करना होगा।

हमारे विद्यालय के सत्र का प्रारंभ यज्ञ से होता है।महर्षि दयानंदजी ने यज्ञ को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ कर्म बताया है। यज्ञ में हम सुगंधित वनस्पति और घृतअग्नि को समर्पित करते हैं।अग्नि भी उसे अपने पास नहीं रखती और उसे वशीभूतकरते हुए, कई गुणा करके, पूरे वायुमंडल कोलौटा देती है।इससे न केवल प्राणी मात्र लाभान्वित होता है, बल्कि पशु-पक्षी यहां तक की वनस्पति भी लाभान्वित होती है।राष्ट्रीयस्वाहाइदंराष्ट्रीय इदं न मम !के संस्कारों से प्रेरित शिक्षकगण और बच्चे भी अपना श्रेष्ठतम करते हैं, यही हमारी शक्ति भी है और प्रेरणा भी है। महर्षि दयानंदविद्यापीठ में कई वर्षों से बुक एक्सचेंज का कार्यक्रम संपन्न होता है।इसमें बच्चे अपनी पढ़ीहुई पुस्तक पिछलीकक्षा के बच्चों को देते हैं, और अपनेसे अगली कक्षा के बच्चों से उनकी पढ़ीपुस्तक प्राप्त करते हैं।इससे बच्चे पुस्तक खरीदने के आर्थिक बोझ से बच जाते हैं।और उनमे सहयोग का संस्कार विकसित होता है।

गत वर्षसेहरिश्चंद्र त्यागी सार्वजनिक पुस्तकालय में बुक बैंक की व्यवस्था संचालित हुई है। हमने अपने सभीबच्चों को विभिन्न विषय के अच्छे लेखकों की पुस्तकह्यबुक बैंकह्नसे लेने के लिए प्रेरित किया।मैंने स्वयं शनिवार को कक्षा 12 के कॉमर्स केविद्यार्थियों को उनकी उपयोगी और स्तरीय पुस्तकेंछांटने में मार्गदर्शन किया।इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल अच्छी पुस्तकनिःशुल्क प्राप्त हो रही है, बल्कि उन्हें बड़ी संख्या में पुस्तकालय में पिन ड्रॉप साइलेंट वातावरण में पढ़ते बच्चों को देखकर पढ़ने की प्रेरणा मिली है। एक कहावत है- पेड़ काटने वाला जो बढ़ई, एक घंटे में अपनी कुल्हाड़ीसे पेड़ काट लेता है, वह कुल्हाड़ी को धारदार बनाने के लिए चार घंटे लगाता है।इसी तरह महर्षि दयानंद विद्यापीठ मे भी अपने शिक्षक को शिक्षण प्रतिभा के परिमार्जन के लिए, विद्यालय में प्रतिवर्षजून के प्रथम सप्ताह में टीचर्स का रिफ्रेशर कोर्सकार्यक्रम का संचालन किया जाता है।गत वर्ष देश की प्रतिष्ठित ट्रेनिंग देने वाली संस्था हड़प्पा के द्वारा शिक्षक-प्रशिक्षण का कार्यक्रम संचालित कराया गया था।इस वर्ष और विस्तृत कार्यक्रम करने कीयोजनातैयारी हो रही है। मैं अपने विषय कॉमर्स की चर्चा करूं, तो हमारे विद्यालय में अधिकतर ग्रामीण पृष्ठभूमि के बच्चे पढ़ते हैं।इसलिए कॉमर्स कोवेकम उपयोगी विषय के रूप में देखते हैं।कॉमर्स उनकी चॉइस नहीं होती है, लेकिन हमने गत वर्ष भी कॉमर्स के विद्वान दिल्ली विश्वविद्यालय के डीएवीइवनिंगकालिज के प्रिंसिपलडॉक्टर रविंद्र गुप्ता जी के व्याख्यान के माध्यम से, बच्चों को कॉमर्स की वर्तमान समय मेंउपयोगिता को बताने का प्रयास किया।मुझे लगता है, कि इस वर्षकॉमर्स विषय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है।और कुछ प्रतिभावान बच्चों ने भी कॉमर्स विषय का चुनाव किया है।इस वर्ष अन्य विषय विशेषज्ञों से बच्चों की काउंसलिंग की व्यवस्था करेंगे, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स से जुड़ी संस्था से भी बच्चों के करियर काउंसलिंग सुनिश्चित करेंगे।बैंकिंग जैसे संस्थानोंकी विजिट करानातथाउन्हें संस्थान की कार्य प्रणाली से अवगत कराकर, उनके दृष्टिकोण को व्यावहारिक धरातल प्रदान करने की योजनातय की गई है।कॉमर्स की दैनंदिनी जीवन में उपयोगिता कोजोड़कर इसका अध्ययन, छात्रों को बेहतर क्षमताओं से युक्त नागरिक बनाने में योगदान करेगा।हमारे सभीप्रयास इसी दिशा में ले जाने वाले हैं।और हम नएसत्र में शैक्षणिक चुनौतियों का सकारात्मक रूप से सामना करते हुए, अपने विद्यालय के बच्चोंका प्रतिस्पर्धात्मक रूप सेतैयारी कराना सुनिश्चित करेंगे।

*-(वाणिज्य प्रवक्ता) महर्षि दयानंद विद्यापीठ इंटरमीडिएट*

# पहली तिमाही में देश में स्मार्टफोन की बिक्री आठ प्रतिशत बढ़ी

## 5 जी की हिस्सेदारी 71 फीसदी पर



**नई दिल्ली।** ग्राहकों के अपने पुराने फोन छोड़कर महंगे फोन खरीदने से एक साल पहले की तुलना में इस साल की पहली तिमाही में देश में स्मार्टफोन की बिक्री संख्या के हिसाब से आठ प्रतिशत और मूल्य के मामले में 18 बढ़ी है। ग्राहकों के अपने पुराने फोन छोड़कर महंगे फोन खरीदने से एक साल पहले की तुलना में इस साल की पहली तिमाही में देश में स्मार्टफोन की बिक्री संख्या के हिसाब से आठ प्रतिशत और मूल्य के मामले में 18 बढ़ी है। काउंटरप्वाइंट रिसर्च की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि तिमाही के दौरान बिकने वाले हर 100 स्मार्टफोन में 71 प्रतिशत 5जी स्मार्टफोन थे। देश के समग्र स्मार्टफोन बाजार में प्रीमियम सेगमेंट की हिस्सेदारी अब तक के अपने उच्चतम स्तर 20 प्रतिशत (मूल्य के आधार पर 51 प्रतिशत) पर पहुंच गई है।

वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक शिल्पी जैन ने कहा, भारत का स्मार्टफोन बाजार पहली तिमाही में अपने उच्चतम मूल्य पर पहुंच गया। लोग प्रीमियम फोन ज्यादा खरीद रहे हैं। इससे स्मार्टफोन बाजार में राजस्व बढ़ा है। मध्य-स्तर के उपभोक्ताओं में से एक-तिहाई से ज्यादा प्रीमियम सेगमेंट में अपग्रेड करने के इच्छुक हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस ट्रेंड के पीछे के कारकों में किफायती फाइनेंसिंग योजनाएं, ट्रेड-इन के लिए बेहतर मूल्य और बंडल योजनाएं शामिल हैं। साथ ही एआई, गेमिंग और इमेजिंग एन्हांसमेंट्स जैसी टॉप फीचर्स की मांग भी शामिल है।

पहली बार, विवो ने एक ही तिमाही में वॉल्यूम के मामले में बाजार का नेतृत्व किया। सैमसंग ने कुल बाजार वैल्यू के एक-चौथाई से अधिक पर कब्जा करने के बाद वैल्यू के मामले में बाजार का नेतृत्व किया। सैमसंग का औसत विक्रय मूल्य (एएसपी) भी देश में अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। रिपोर्ट के अनुसार, हमें उम्मीद है कि 2024 में देश का स्मार्टफोन बाजार मजबूत प्रीमियम की ओर बढ़ते हुए 5जी अपनाने और पोस्ट-कोविड अपग्रेड के कारण सिंगल डिजिट में बढ़ेगा।

# चालक दल की कमी के कारण 85 उड़ानें और हुईं रद्द

## 20 रूट्स पर एयर इंडिया संचालित करेगा परिचालन



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने एक बयान में कहा है कि यदि उनकी उड़ान रद्द होती है या उसमें तीन घंटे से अधिक की देरी होती है तो यात्री बिना किसी शुल्क के पूर्ण वापसी या बाद की तारीख में अपना टिकट पुनर्निर्धारित (रीशिड्यूल) करने का विकल्प चुन सकते हैं। इस बीच दिल्ली में एयर इंडिया एक्सप्रेस प्रबंधन और यूनियन के बीच बातचीत शुरू हो गई है।

चालक दल की कमी के कारण एयर इंडिया एक्सप्रेस ने गुरुवार को 85 उड़ानें रद्द कर दीं और कहा कि उड़ानों की बाधाओं को कम करने के लिए एयर इंडिया इनके 20 उड़ान मार्गों पर सेवाएं संचालित करेगी। एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के एक वर्ग के सदस्य बीमार पड़ने की बात कहकर छुट्टी पर चले गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप मंगलवार रात से 90 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। हालांकि इस बीच दिल्ली स्थित मुख्य श्रमायुक्त के दफ्तर में एयर इंडिया एक्सप्रेस के यूनियन और प्रबंधन के बीच बातचीत शुरू हो गई है।

एयरलाइन ने एक बयान में कहा, "हम आज 283 उड़ानों का परिचालन करेंगे। हमने सभी संसाधन जुटा लिए हैं और एयर इंडिया हमारे 20 मार्गों पर परिचालन का संचालन कर हमारी मदद करेगी। हालांकि, हमारी 74 उड़ानें रद्द हैं और हम अपने मेहमानों से आग्रह करते हैं कि वे हवाई अड्डे पर जाने से पहले यह जांच कर लें कि उनकी उड़ान व्यवधान से प्रभावित है या नहीं। विमानन कंपनी ने कहा कि यदि उनकी उड़ानें रद्द होती है या उनमें तीन घंटे से अधिक की देरी होती है तो यात्री बिना किसी शुल्क के पूर्ण वापसी या बाद की तारीख में अपना टिकट पुनर्निर्धारित (रीशिड्यूल) करने का विकल्प चुन सकते हैं। रद्द की गई उड़ानों की संख्या 74 है, जो एयरलाइन की निर्धारित दैनिक उड़ानों का लगभग 20 प्रतिशत है। इससे पहले दिन में सूत्रों ने बताया कि एयरलाइन ने चालक दल के उन 25 सदस्यों को टर्मिनेशन नोटिस जारी किया है, जिन्होंने बीमार होने की सूचना दी थी और अन्य कर्मियों को गुरुवार शाम चार बजे तक ड्यूटी पर लौटने को कहा गया है।

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा कि वह कुछ लोगों के खिलाफ उचित कदम उठा रही है। एयरलाइन ने कहा, हम किसी भी चिंता को दूर करने की प्रतिबद्धता के साथ अपने चालक दल के सहयोगियों के साथ संपर्क जारी रखेंगे। हम कुछ व्यक्तियों के खिलाफ उचित कदम उठा रहे हैं।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस यूनियन और प्रबंधन की बैठक जारी

एयर इंडिया एक्सप्रेस यूनियन और प्रबंधन की बैठक आज दिल्ली के द्वारका स्थित मुख्य श्रमायुक्त के कार्यालय में हो रही है। एयर इंडिया एक्सप्रेस प्रबंधन के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी (सीएचआरओ) आज बैठक में भाग ले रहे हैं। इससे पहले चालक दल के सदस्यों के काम पर नहीं आने के कारण एयर इंडिया एक्सप्रेस ने गुरुवार को भी 85 से अधिक उड़ानें रद्द दीं। इससे बुधवार को भी बड़े पैमाने पर एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें रद्द की गईं थीं।

## राशिफल

**मेष:** बातचीत में सन्तुलित रहें। मन परेशान हो सकता है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।
**वृष:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास भी करें। परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम भी अधिक रहेगा।
**मिथुन:** कारोबारी कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।
**कर्क:** मन परेशान हो सकता है। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है।
**सिंह:** बातचीत में सन्तुलित रहें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन प्रसन्न रहेगा।
**कन्या:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार का साथ रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।
**तुला:** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी।
**वृश्चिक:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा।
**धनु:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कार आदि कार्यों में सुखद परिणाम मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।
**मकर:** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। मानसिक शान्ति रहेगी।
**कुंभ:** मन परेशान रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। भवन के रखरखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ सकते हैं।
**मीन:** परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। भाइयों का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

## चुटकुले

शॉन्टी मोबइल कंपनी में इंटरव्यू देने गया
पहले सवाल पर ही उसे भगा दिया गया...
सवाल- सबसे मशहूर नेटवर्क कौन सा है?
शॉन्टी- कार्टून नेटवर्क!

---

लड़की वाले लड़का देखने गए.
लड़की वाले- हमें ऐसा लड़का चाहिए जो, कुछ खाता पीता ना हो और कुछ गलत काम ना करता हो..
पंडित जी- फिर तो आपको ऐसा लड़का, अस्पताल के ICU में मिलेगा, वहां जाकर खोजो।

---

एक लड़का और लड़की होटल में खाना खाने गए.
वेटर- क्या लोगे आप?
लड़का- वह तेज मिर्ची वाला घेवर ले आओ
वेटर- हैरान होकर.... क्या?
लड़की- ये पागल पिज्जा मांग रहा है।

---

किडनैपर- तुम्हारा बेटा अब हमारे कब्जे में है.
मां- बात करवाना जरा उससे.
किडनैपर ने बेटे को फोन दिया.
मां- तू वहां क्या कर रहा है, अब धनिया लाकर कौन देगा मुझे?

## रोचक तथ्यों का करंट

- आप हर साल लगभग 4 किलो त्वचा कोशिकाओं को खो देते हैं।
- बच्चे के हृदय की धड़कन वयस्क से ज्यादा होती है।
- एक व्यक्ति औसतन 24 घंटे में 4,823 शब्द बोलता हैं।
- हम जिस हाथ से लिखते हैं उस हाथ की उँगलियों के नाखून जल्दी बढ़ने लगते हैं।
- शरीर में सबसे बड़ी कोशिका मादा अंडाणु और सबसे छोटी कोशिका नर शक्राणु होता हैं।
- जब तक इंसानो का बच्चा कम से कम एक महीने का नहीं हो जाता, तब तक वह आँसू नहीं बहा सकता।
- मानव शरीर में लगभग 60 प्रतिशत जल होता है. मस्तिष्क में 85 प्रतिशत जल है. रक्त में 79 प्रतिशत जल है. तथा फेफड़ों में लगभग 80 प्रतिशत जल होता है।
- शरीर का एकमात्र हिस्सा जो रक्त की आपूर्ति नहीं करता है वह आंख के कॉर्निया है. यह हवा से सीधे ऑक्सीजन प्राप्त करता हैं।
- एक इंसान को रात में लगभग 7 सपने आते है लेकिन हम सपनो को याद नहीं रख पते है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

करंट क्राइम
परिवार की ओर से आपको
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

10 05 2024

आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




रि. जनरल विजय कुमार सिंह
केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन व उड्डयन राज्यमंत्री, भारत सरकार एवं सांसद गाजियाबाद



आरव वर्मा, लविश कुमार, गीता गौयल, पंकज गुप्ता, एड. महिम गुप्ता, मनप्रीत सिंह मन्नी, सीपी गुप्ता
धनुष, फैजल खान, हरिश कशाना, करणवीर कश्यप, आलोक सिंह, नवाबुद्दीन सिद्दकी, आदेश वत्स
विपिन कहरी, राजेश सिंह, संजय चौधरी, अनुज बंसल, भारत भूषण, शैलेंद्र कुमार, गौरव पंडित

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# लगातार तीसरी बार हजार के पार पहुंचा आईपीएल में लगे छक्कों का आंकड़ा

**नई दिल्ली।** लगातार तीसरी बार आईपीएल के एक सीजन में एक हजार से अधिक छक्के लगे हैं। 2022 में दो नई टीमों के आने से मैचों की संख्या में बढ़ोतरी हुई और इसका सीधा असर छक्कों की संख्या पर भी पड़ा। उस सीजन 74 मैचों में कुल 1062 छक्के लगे थे। इससे पहले सर्वाधिक 872 छक्के आईपीएल 2018 में लगे थे। आईपीएल 2023 में 1124 छक्के लगे और अब यह आंकड़ा भी ज्यादा दूर दिखाई नहीं दे रहा है। इस सीजन में अभी 17 मैच और बचे हुए हैं और इस आंकड़े को पार करने के लिए सिर्फ. 110 और छक्कों की दरकार है। आईपीएल 2023 में एक हजार छक्कों की संख्या 67वें मैच में पूरी हुई थी जबकि इस बार 10 मैच कम और 2312 गेंद पहले ही पूरी हो गई। हैदराबाद के लिए एक रिकॉर्ड सीजन हैदराबादऔर दिल्ली कैपिटल्स कभी भी ज्यादा छक्के



लगाने वाली टीमों में नहीं गिने गए। हैदराबाद ने तो इस सीजन से पहले किसी सीजन में 100 छक्के भी नहीं लगाए थे और अब हैदराबाद ने एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है, वह भी तब जब उसके लीग मैच अभी भी बचे हुए हैं। हैदराबाद ने इस सीजन अब तक कुल 146 छक्के लगाए हैं, इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने 2018 में कुल 145 छक्के लगाए थे। इससे पहले छक्के लगाने के लिहाज से हैदराबाद का सबसे बढ़िया सीजन 2022 का था जब उन्होंने 97 छक्के लगाए थे। इसी तरह दिल्ली ने भी 2018 में 14 मैचों में कुल 115 छक्के लगाए थे और इस सीजन यह टीम 12 मैचों में ही 120 छक्के जड़ चुकी है। छक्कों का लॉन्चपैड बना दिल्ली का मैदान एक साल पहले ही डेविड वॉर्नर ने यह शिकायत की थी कि दिल्ली की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल नहीं होती और इस सीजन अरुण जेटली स्टेडियम छक्कों का लॉन्चपैड बन गया है। इस सीजन यहां अब तक सिर्फ.चार मैच ही खेले गए हैं और 114 छक्के लग चुके हैं। प्रति मैच इस मैदान पर कम से कम 25 छक्के लगे हैं। औसतन हर 8.41 गेंद पर बॉल बाउंड्री के बाहर गिरी है। कोलकाता भी इस मामले में पीछे नहीं है। वहां अब तक खेले गए कुल छह मैचों में 139 छक्के लग चुके हैं और आईपीएल के इस सीजन में सर्वाधिक छक्के भी कोलकाता में ही लगे हैं। प्रति मैच लगे छक्कों की दर के हिसाब से शीर्ष चार स्थान पर दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद का वेन्यू है। अब तक सिर्फ. दो बार ही ऐसा हुआ है कि आईपीएल के किसी सीजन में एक वेन्यू पर 150 से ज्यादा छक्के लगे हैं। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 2016 में कुल 165 छक्के लगे थे। जबकि पिछले साल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर कुल 162 छक्के लगे। ईडेन गार्डेन्स में यह रिकॉर्ड तोड़ने के लिए अंतिम मैच में 27 छक्कों की जरूरत होगी। बेंगलुरु और हैदराबाद भी इस मामले में पीछे नहीं हैं। इन दोनों वेन्यू पर अभी दो मैच बचे हुए हैं और इस सीजन यहां क्रमशः 111 और 110 छक्के लग चुके हैं।

### दो बार टूटा एक मैच में सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड

आईपीएल के मौजूदा सीजन से पहले किसी टी20 मैच में सर्वाधिक छक्कों (37) का रिकॉर्ड अफगानिस्तान प्रीमियर लीग (2018) और कैरिबियन प्रीमियर लीग (2019) में बना था। सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच 27 मार्च को खेले गए मैच में 38 छक्के लग गए। इसके बाद हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेले गए मैच में भी कुल 38 छक्के लगे। हालांकि जल्द ही यह रिकॉर्ड टूट गया और कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच मैच में कुल 42 छक्के लग गए, यह रिकॉर्ड चेज वाला मैच भी था।

# संजू टी20 विश्व कप में भारत के लिए असाधारण होंगे : संगकारा

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर कुमार संगकारा का मानना है कि अगर संजू सैमसन भारत के पहली पसंद के विकेटकीपर बनने की दौड़ जीत जाते हैं तो वह आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर सकते हैं। सैमसन, जिन्हें संगकारा द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है, आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स के साथ शानदार फॉर्म में हैं। 11 मैचों में, दाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपनी विकेटकीपर भूमिका में सात शिकार करते हुए अविश्वसनीय 471 रन बनाए हैं और एक कप्तान के रूप में टीम को 11 मैचों में आठ मैचों में जीत दिलाई है। सैमसन संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में 20 ओवर के प्रदर्शन के लिए विकेटकीपर के रूप में वापसी करने वाले ऋषभ पंत के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे क्योंकि भारत ने अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 खिलाड़ियों की टीम में दो विशेषज्ञ कीपरों का चयन किया है।



संगकारा ने आईसीसी से कहा, वह एक विशेष खिलाड़ी है और जब वह तरोताजा और केंद्रित होता है तो ऐसा कुछ नहीं होता जो वह नहीं कर सकता। वह एक विनम्र, जमीन से जुड़े व्यक्ति हैं...सोशल मीडिया पर ज्यादा सक्रिय नहीं हैं। वह बहुत अधिक गोपनीयता पसंद करते हैं और समूह के बाकी लोगों की परवाह करते हैं। उन्होंने कहा, प्रतिभा और कौशल के अलावा ये महान गुण हैं। मुझे लगता है कि वह विश्व कप में जाने वाले समूह में असाधारण होंगे। भले ही सैमसन हाल ही में आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ कीपर-बल्लेबाजों में से एक रहे हैं, 29 वर्षीय ने 2015 में जिम्बाब्वे के खिलाफ पदार्पण के बाद से भारत के लिए केवल 25 टी20 मैच खेले हैं और उन्हें 2022 टी20 विश्व कप में भारत के लिए भी नहीं चुना गया था। हालाँकि, संगकारा का मानना है कि सैमसन पहले की तुलना में अब अधिक परिपक्व खिलाड़ी हैं और एक नई मानसिक रणनीति उन्हें अपनी क्षमताओं के अनुसार सर्वश्रेष्ठ खेलने में सक्षम बना रही है। संजू के साथ, इस सीजन में उनके लिए सबसे बड़ी बात यह है कि उन्हें किस तरह से बल्लेबाजी करनी चाहिए, इसके बारे में बहुत स्पष्टता है। खेल के कुछ चरण हैं जहां वह थोड़ी एकाग्रता खोते नजर आते हैं, जैसा कि हमने पिछले सीजन से देखा है।

## न्यूज डायरी

### ब्लैक के लिए लोनी आ रहे 86 गैस सिलेंडरों से भरा टैम्पो पकड़ा

लोनी (करंट क्राइम)। पूर्ति निरीक्षक ने मुखबिर की सूचना पर बागपत जनपद से काला बाजारी के लिए लोनी लाए जा रहे 86 गैस सिलेंडरों से भरे टैम्पों को पकड़ा है जबकि उसका चालक फरार हो गया। पूर्ति निरीक्षक ने सिलेंडरों को लोनी की शहीद ओमप्रकाश गैस एजेंसी की सुपुर्दगी में दे दिए है तथा टैम्पो मालिक और चालक के विरुद्ध ट्रॉनिका सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पूर्ति निरीक्षक लोनी रूपल रानी ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार दोपहर करीब 2.15 बजे बागपत जनपद के बड़ोत से लोनी में ब्लैक मार्केटिंग के लिए लाए जा रहे गैस सिलेंडरों से भरे टैम्पों को पकड़ा है। रूपल रानी का आरोप है कि टैम्पो चालक पंचलोक गांव तक पहुंच गया था, लेकिन जब रोकने का प्रयास किया गया तो वह वापस मुड़कर बागपत की ओर भागने लगा। पुलिस की मदद से उसे मंडोला चौकी पर पकड़ लिया गया, लेकिन चालक टैम्पो छोड़कर मौके से फरार हो गया। टैम्पो से इंडेन कम्पनी के 85 भरे हुए घरेलू तथा भारत कंपनी का एक खाली सिलेंडर बरामद हुआ है। टैम्पो चालक और मालिक के विरुद्ध ट्रॉनिका सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### बच्ची से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

लोनी (करंट क्राइम)। एक युवक ने धार्मिक स्थल में पढ़ने गई छह वर्षीय बच्ची के साथ गुशलखाने में अश्लील हरकत और दुष्कर्म किया। बच्ची के परिजनों ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मंगलवार को लोनी थाने की एक कॉलोनी में रहने वाली छह वर्षीय बच्ची कॉलोनी के ही एक धार्मिक स्थल में पढ़ने गई थी। धार्मिक स्थल के पास रहने वाले 19 वर्षीय साजिद का धार्मिक स्थल में आना जाना था। मंगलवार दोपहर साजिद बच्ची को बहलाफुसलाकर धार्मिक स्थल के गुशलखाने में ले गया और वहां उसके साथ अश्लील हरकत और दुष्कर्म किया। बच्ची के परिजनों ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी, गुरुवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### लोनी थाने के मालखाने में आग लगी

**लोनी (करंट क्राइम)।** बिजली के शॉट सर्किट से गुरुवार दोपहर लोनी थाने के मालखाने में आग लग गई। पुलिसकर्मियों ने मालखाने से चिंगारी निकलती देख तत्काल फायर सिलेंडर से स्प्रे किया तथा फायर बिग्रेड को भी सूचना दी। ट्रॉनिका सिटी से फायर बिग्रेड की एक गाड़ी थाने पहुंची, लेकिन उससे पहले ही पुलिसकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया था। एसीपी सूर्यबली मोर्या का कहना है कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया था।

### महिला ने बच्चों के अपहरण की कोशिश का लगाया आरोप

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** एक महिला ने ई-रिक्शा चालक पर अपने दो बच्चों के अपहरण करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।पुलिस अज्ञात में मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। निवाड़ी रोड स्थित सूर्या एन्क्लेव निवासी महिला एकता चौधरी का कहना है कि वह अपने दो बच्चों को साथ लेकर ई-रिक्शा मे बैठकर अपनी सुसराल गांव शेरपुर जा रही थी, रास्ते में ओम मारबल शाँप के समीप पहुंची, तभी ई रिक्शा चालक जिसकी उम्र 50 वर्ष के करीब है, उसने बच्चों के अपहरण की कोशिश की। शोर मचाने पर जुटे लोगों को देख ई- रिक्शा चालक वहां से भाग निकला। डरी सहमी महिला एकता ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मार्ग पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### गर्म राख पर गिरने से दो स्कूली बच्चे घायल

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** एक मिल की गिरने वाली गर्म राख की चपेट में झुलसने से दो स्कूली बच्चे घायल हो गये। अभिभावकों के साथ ग्रामीणं ने थाने पर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने प्रबंध तंत्र के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव औरंगाबाद गदाना निवासी राकेश सिंह के 10 व 6 वर्ष के दो बेटे घर लौट रहे थे, तभी लौटते समय उनका पैर गर्म राख पर पड़ गया, जिससे वह झुलस गये। उनका शोर सुनकर लोगों ने दोनों बच्चों को बचाया और थाने पहुंचकर गर्म राख गिराने में कंपनी प्रबधंकों की ओर से बरती गयी लापरवाही को लेकर हंगामा किया। बाद में पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया और मिल प्रबंध तंत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बेटी की इंस्टाग्राम पर अश्लील फोटो अपलोड करने की धमकी देकर मांग रहा रुपये

मोदीनगर,करंट क्राइम। एक महिला की बेटी की इंस्टाग्राम पर अश्लील फोटो अपलोड कर बदनाम करने का डर दिखाकर रुपये मांगे जा रहे हैं। लोग महिला की बेटी को फोन कर उससे अश्लील बातचीत कर रहे हैं। महिला ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में अज्ञात युवक पर रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। कालोनीवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसके इंस्टाग्राम पर एक युवक ने मैसेज किया कि तेरी बेटी की फोटो मेरे पास है,तेरी बेटी की गलत ढंग से अश्लील फोटो लगाकर बदनाम कर दूंगा अन्यथा इसकी एवज में रुपए दे दे। आये दिन फोन आने से मानसिक रूप से परेशान हो चुकी मां बेटी ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस युवक की आईडी के जरिये आरोपी को गिरफ्तार करने की जुगत में लगी है।

### जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**लोनी,करंट क्राइम।** टीला मोड़ थाना पुलिस ने जानलेवा हमलावर आरोपी को मुखबिर की सूचना पर भोपुरा तिराहे से गिरफ्तार किया है उससे घटना में प्रयुक्त कैंची भी बरामद हुई है। पुलिस ने पंजीकृत मुकदमा के आधार पर आरोपी को जेल भेज दिया है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि गगन विहार कॉलोनी निवासी विनोद कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें उल्लेख किया गया था कि उसका पड़ोसी सेंसर पाल पुत्र सुमेर सिंह बेवजह उसके घर के सामने गाली गलौज कर रहा था पत्नी ने विरोध किया तो सेंसर पाल ने पत्नी के पेट में कैंची मार दी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई थी उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था पुलिस हमलावर को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही थी कि बृहस्पतिवार सुबह करीब 10 :00 बजे मुखबिर ने सूचना दी की सेंसेरपाल भोपुरा तिराहे पर खड़ा हुआ है पुलिस टीम ने तत्काल प्रभाव से उस स्थान की घेराबंदी कर सेंसर पाल को धर दवोचा। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### प्रेमी ने दिया धोखा तो प्रेमिका ने जहर खाकर दी जान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रेमिका ने प्यार में धोखा मिलने पर जहर खाकर गवाई जान। मामला गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र ग्राम चितौरा का है जहां पर एक लड़की ने अपने प्रेमी शौकिंदर के घर पहुंच कर जहर खा लिया और उसकी मेरठ के अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। लड़की की उम्र करीब 20 वर्ष है वह ग्राम नगरिया जिला सिरसा हरियाणा से अपने मामा के घर थाना मसूरी ग्राम चितोड़ा में बचपन से रह रही थी। बी एस सी पहले वर्ष की छात्रा थी जिसका शौकिंद्र पुत्र पप्पू के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था आज शौकिद्र पुत्र पप्पू की सगाई ग्राम नूरपुर में हो रही थी लड़की ने शौकिंद्र के घर पर जाकर जहर खा लिया। बेहोशी की हालत में जीवन हॉस्पिटल मोदीनगर में भर्ती कराया गया था जहां से उसे सुभार्थी मेडिकल इंस्टीट्यूट मेरठ के लिए रेफर किया गया जहां उसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

### महिला के गले से सोने की चेन लूट ले गए बदमाश

मुरादनगर करंट क्राइम। नगर क्षेत्र के गांव भोवापुर में बाइक सवार बदमाश स्कूटी पर जा रही महिला के गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। महिला ने बदमाशों का काफी दूर तक पीछा भी किया ,लेकिन वह हाथ नहीं आए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों को जल्द पकड़ने की बात कह रही है। गाजियाबाद की बुजुर्ग चिपियाना निवासी अतुल शर्मा अपनी पत्नी लवली के साथ रहते है। उनकी पत्नी लवली गुरुवार को किसी काम से थाना क्षेत्र के गांव भोवापुर इलाके में किसी काम से आई थी। महिला ने एक किलोमीटर तक बदमाशों का पीछा भी किया ,लेकिन वह फरार होने में कामयाब रहे। महिला ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों की तलाश में कांबिग शुरू की। एसीपी का कहना है कि तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज कर ली जाएगी। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए उतरेगी चेन्नई: प्रीव्यू

**अहमदाबाद।** शुक्रवार को अहमदाबाद में होने वाले आईपीएल 2024 के अहम मैच में पिछले सीजन के दो फाइनलिस्ट का आमना सामना होगा। इस सीजन हुई भिड़ंत में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने घर पर गुजरात टाइटंस (जीटी) को पटखनी दी थी। एक तरफ सीएसके के सामने अंतिम चार के दावे को मजबूत करने की चुनौती है तो वहीं दूसरी ओर जीटी के सामने अंतिम चार की रेस में खुद को बनाए रखने की चुनौती है।



**क्या पिछले फाइनल का प्रदर्शन दोहराएंगे सुदर्शन?**

पिछली बार जब दोनों टीमों का सामना इस मैदान पर हुआ था तब साई सुदर्शन की 96 रनों की पारी की बदौलत ही जीटी एक बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफल हुई थी। सीएसके की तेज गेंदबाजी आक्रमण के दो अहम किरदार मथिशा पथिराना और मुस्तफि जुर रहमान उपलब्ध नहीं हैं, ऐसे में इसका फायदा सुदर्शन को मिल सकता है।

पिछले आईपीएल फाइनल और इस सीजन खेले गए दोनों मैचों में सुदर्शन ही अपनी टीम के टॉप स्कोरर थे और दोनों ही बार पथिराना ने ही उन्हें पवेलियन का रास्ता दिखाया था। सीएसके के तुषार देशपांडे और रवींद्र जडेजा से सुदर्शन का सामना हो चुका है और दोनों में से कोई भी उन्हें अब तक आउट नहीं कर पाया है। देशपांडे के खिलाफ सुदर्शन ने 214 जबकि जडेजा के खिलाफ उन्होंने 152 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

### गायकवाड़ पर एक बार फिर निर्भर रह सकती है सीएसके

सीएसके इस सीजन बल्लेबाजी में अपने कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर ही अधिक निर्भर दिखी है। इसकी बड़ी वजह सीएसके के शीर्ष क्रम का उम्मीदों पर खरा ना उतर पाना भी है। जीटी के खिलाफ आंकड़े भी यही कहते हैं कि एक बार फिर सीएसके को बल्लेबाजी में अपने कप्तान की जरूरत पड़ सकती है। गायकवाड़ ने राशिद खान के खिलाफ 163 के स्ट्राइक रेट से 108 रन बनाए हैं जबकि आठ पारियों में राशिद ने उन्हें दो बार अपना शिकार बनाया है।

### कौन कराएगा गिल की वापसी?

शुभमन गिल इस समय अच्छी लय में नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि देशपांडे के खिलाफ उनके आंकड़े ऐसे हैं कि वह पहली गेंद से ही टूट पड़ सकते हैं। देशपांडे के खिलाफ गिल ने 161 के स्ट्राइक रेट से 58 रन बनाए हैं। हालांकि सीएसके के पास एक ऐसा गेंदबाज भी है जो गिल को फॉर्म में वापस आने से रोक सकता है। शार्दुल ठाकुर गिल को तीन बार अपना शिकार बना चुके हैं।

### जीटीके लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं राशिद

पिछले सीजन मोहित शर्मा जीटी के आक्रमण की अहम कड़ी थे। उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी को तीन बार आउट भी किया लेकिन इस बार वह अपनी लय में नजर नहीं आ रहे हैं। राशिद जीटी के लिए गेंदबाजी में तुरुप का इक्का इसलिए भी साबित हो सकते हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से प्रभावित करने वाले जडेजा राशिद के खिलाफ महज 71 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। वहीं धोनी का भी स्ट्राइक रेट राशिद के खिलाफ सिर्फ.68 का है। धोनी को तो राशिद एक बार अपने जाल में फंसा भी चुके हैं। शिवम दुबे को स्पिन का बढ़िया हिटर माना जाता है। हालांकि वह भी पिछले कुछ मैचों से अपने रंग में नहीं दिख रहे हैं। राशिद दुबे को भी एक बार अपना शिकार बना चुके हैं और मोईन अली को तो राशिद चार बार पवेलियन भेजने में सफल हो चुके हैं।

# पीजीडीएवी कॉलेज हिंदू कॉलेज को 3 रन से हराकर फाइनल में

**नई दिल्ली।** आर्यन शर्मा, श्रेष्ठ पी. यादव और अंकित के शानदार खेल से पीजीडीएवी कॉलेज ने हिंदू कॉलेज को दूसरे स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाइट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूनामेंट के रोमांचक लीग मैच में



3 रन से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। हिंदू कॉलेज टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पीजीडीएवी कॉलेज ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 173 रन बनाए। आर्यन शर्मा ने 25 गेंदों में 38 रन, श्रेष्ठ पी. यादव ने 30 गेंदों में 37 रन बनाए।सिद्धांत ने 4 ओवर में 22 रन देकर 5 विकेट चटकाए। जवाब में हिंदू कॉलेज ने पीजीडीएवी कॉलेज टीम को जबरदस्त टक्कर दी लेकिन पूरी टीम 20 ओवर में 170 रन पर ऑल आउट हो गई। हिंदू कॉलेज की ओर से आदी ने 34 गेंद में 65 रन एवं आर्यन चौधरी ने 38 गेंद में 44 रन बनाए। अंकित कुमार ने 33 रन देकर 3 विकेट झटके। डॉ. मुकेश कुमार (सहायक प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान विभाग, पीजीडीएवी) द्वारा पीजीडीएवी कॉलेज टीम के आर्यन शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# गुजरात टाइटंस 13 मई को लैवेंडर जर्सी पहनकर कैंसर जागरूकता के लिए समर्थन दिखाएगा

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस कैंसर के प्रति जागरूकता पैदा करने और खतरनाक बीमारी के खिलाफ लड़ाई को बढ़ावा देने के लिए 13 मई को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने अंतिम घरेलू मैच के लिए विशेष लैवेंडर जर्सी पहनकर मैदान में उतरेंगे।

यह लगातार दूसरा वर्ष है जब गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी कैंसर के खिलाफ लड़ाई में अपनी प्रतिबद्धता दिखाएंगे। यह इशारा कैंसर के रोगियों में परिणामों में सुधार के लिए शीघ्र पता लगाने और गुणवत्तापूर्ण देखभाल तक पहुंच के महत्व की याद दिलाएगा।

गुजरात टाइटन्स के सीओओ कर्नल अरविंदर सिंह ने कहा, कैंसर अनगिनत जिंदगियों को प्रभावित करता है, और लैवेंडर जर्सी इस मुद्दे पर हमारी ओर से एक छोटा सा



प्रयास है। जर्सी कैंसर रोगियों और बचे लोगों के लिए हमारे समर्थन का प्रतीक है, जो एक अनुस्मारक के रूप में काम करती है। कैंसर के खिलाफ लड़ाई जीतने के लिए निवारक उपायों और शीघ्र निदान की आवश्यकता है, हम अपने प्रशंसकों के साथ मिलकर कैंसर से प्रभावित लोगों के जीवन में एक सार्थक बदलाव लाने की उम्मीद करते हैं।

गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने बदलाव लाने के लिए टीम के समर्पण पर जोर दिया। खिलाड़ियों के रूप में, हम अपने प्रशंसकों और बड़े पैमाने पर समुदाय के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में जानते हैं। इन लैवेंडर जर्सियों को पहनना हमें कैंसर सेनानियों के साथ एकजुट करता है और उनके साहस का सम्मान करता है। हम आशा करते हैं कि हमारे प्रयास एक ऐसी दुनिया में योगदान देंगे जहां कैंसर का बोझ होगा। जागरूकता और शिक्षा के माध्यम से कैंसर पर काबू पाया जा सकता है।

कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आगामी मैच गुजरात टाइटंस के प्रशंसकों और क्रिकेट समुदाय के लिए इस महत्वपूर्ण कारण के पीछे एकजुट होने का अवसर प्रस्तुत करता है। यह पहल प्रशंसकों को कैंसर की रोकथाम के बारे में शिक्षित करने में मदद करेगी, जिसमें शुरूआती पहचान के लिए जीवनशैली में बदलाव और नियमित जांच के महत्व पर जोर दिया जाएगा।

# पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक में तीन भारतीय पदक की दौड़ में होंगे : नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली।** ओलंपिक खेलों की भाला फेंक स्पर्धा में मौजूदा चैंपियन, नीरज चोपड़ा का अनुमान है कि आगामी पेरिस 2024 में तीन भारतीय पदक के लिए दौड़ में होंगे। उन्होंने बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप, जहां भारतीय थ्रोअरों ने फाइनल में शीर्ष छह में से तीन पर कब्जा जमाया था, के दम पर भारत के विश्वास को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत के भाला फेंक सितारे 10 मई को डायमंड लीग सीजन के दोहा चरण में आउटडोर सीजन की शुरूआत करेंगे। चुनौती का नेतृत्व मौजूदा विश्व चैंपियन चोपड़ा और उनके साथी किशोर जेना करेंगे। पेरिस 2024 से पहले 14-15 मई को भुवनेश्वर में फेडरेशन कप सहित होने वाले आयोजनों में शीर्ष कोचों के तहत कुछ गहन विदेशी प्रशिक्षण से रिटर्न का भी मूल्यांकन किया जाएगा। चोपड़ा और जेना, जिन्होंने हांगझोउ एशियाई खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण-रजत पदक हासिल किया, दोनों ने जुलाई-अगस्त में आगामी ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है, लेकिन चोपड़ा का मानना है कि तीसरे भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु को भी पेरिस में जगह बनानी चाहिए। एक समय था जब मैं विश्व चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई करने को लेकर भी आश्वस्त नहीं था, लेकिन देखिए समय कैसे बदल गया है। पिछले साल बुडापेस्ट में, फाइनल में हमारे तीन भारतीय (शीर्ष छह में से) थे और इससे हमें विश्वास हो गया है कि हम यूरोपीय लोगों से कम नहीं हैं। चोपड़ा ने साई मीडिया से कहा, "हम यूरोपीय लोगों से कम नहीं हैं जिन्होंने विश्व भाला फेंक में इतने लंबे समय तक अपना दबदबा बनाए रखा है। हमें बुडापेस्ट के इस विश्वास को आगे ले जाना है और पेरिस में कुछ भी संभव है।" मनु पेरिस 2024 में चोपड़ा और जेना के साथ जुड़ने की कतार में हैं। मनु ने अभी तक 85.50 मीटर के क्वालीफाइंग मानक को पार नहीं किया है, लेकिन रोड टू पेरिस रैंकिंग में आराम से 11वें स्थान पर हैं। यह उसे पेरिस का टिकट दिलाने के लिए पर्याप्त होना चाहिए जब तक कि कई अन्य लोग उससे आगे नहीं निकल जाते और वह अपनी दूरी में सुधार करने में असमर्थ नहीं हो जाता। हाल ही में बेंगलुरु में इंडियन ग्रां प्री कमें, मनु ने पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन मार्क 85.50 मीटर और अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.35 से पीछे हटते हुए 81.91 मीटर के प्रयास के साथ पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता जीती। वह अपने कोच काशीनाथ नाइक, जो राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व कांस्य पदक विजेता हैं, के साथ दक्षिण अफ्रीका के पोचेफस्ट्रूम में प्रशिक्षण ले रहे थे। नए आउटडोर सीजन और ओलंपिक तक, भाला



फेंकने वालों के लिए उचित और गहन प्रशिक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता रही है और तीनों - चोपड़ा, जेना और मनु - को सरकार की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) से लाभ हुआ है ज ो एथलीटों को वित्त पोषित करती है। वैश्विक आयोजनों, विशेषकर ग्रीष्मकालीन खेलों की तैयारी करना और उनमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना। मौजूदा पेरिस ओलंपिक चक्र में, सरकार ने इन तीन भाला फेंकने वालों पर 4.87 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं, जिसमें अकेले चोपड़ा को लगभग 4 करोड़ रुपये मिले हैं। प्रमुख खर्चों में प्रशिक्षण और प्रतियोगिता से संबंधित, उपकरण, कोच का वेतन और जेब से भत्ते शामिल हैं। चोपड़ा ने कहा कि उन्होंने हमेशा अपने विदेशी प्रशिक्षण पर ध्यान दिया है और अपने प्रतियोगिता कार्यक्रम को सावधानीपूर्वक चुना है ताकि वह एक प्रमुख वैश्विक आयोजन से पहले पूरी तरह से तैयार रहें। यह पेरिस से आगे अलग नहीं होगा। चोपड़ा ने कहा,जब आप खेल गांव में पहुंचते हैं तो पूरा परिदृश्य बदल जाता है। असली दबाव तब बनना शुरू होता है. लेकिन मुझे तैयार रहना चाहिए। 26 वर्षीय चोपड़ा ने अपनी तैयारियों का श्रेय फिनलैंड, दक्षिण अफ्रीका, यूनाइटेड किंगडम और तुर्की के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय केंद्रों में विभिन्न समय पर विदेशों में लिए गए प्रशिक्षण को दिया।

मौजूदा डायमंड लीग चैंपियन ने कहा, टोक्यो के बाद, मुझे पता चला कि अंतरराष्ट्रीय एथलीट अपने कार्यक्रम की योजना कैसे बनाते हैं और अपने प्रशिक्षण केंद्रों का चयन कैसे करते हैं ताकि एक बड़े आयोजन के लिए न्यूनतम यात्रा, त्वरित अनुकूलन और उचित आहार हो। ये बारीक विवरण हैं जिन पर मैं अपने कोच के साथ चर्चा करता हूं और एक बार निर्णय लेने के बाद, हम सहायता के लिए टॉप्स से संपर्क करते हैं।

# एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आए दो युवकों की मौत

## एक युवक का शव नहर में जा गिरा ,तलाश जारी

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर के रेलवे स्टेशन से आगे गंगनहर पर बने रेलवे के लोहे के पुल पर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर दो युवकों की मौत हो गई। टक्कर लगने से एक युवक का शव नहर में जा गिरा। पुलिस ने एक युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि दूसरे की तलाश में गोताखोरों को लगाया गया है। पुलिस मृतक युवकों के शिनाख्त के प्रयास में लगी हुई है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक एक्सप्रेस ट्रेन गुरुवार चार बजे के आसपास गाजियाबाद से मेरठ की और जा रही थी। जब ट्रेन मुरादनगर रेलवे स्टेशन से चार सौ मीटर आगे गंगनहर पर बने रेलवे पुल पर पहुंची तो अचानक ट्रेन की चपेट में दो युवक आ गए। ट्रेन की चपेट में आते ही युवकों के चीथेडे उड़ गए। बताया जा रहा है कि हादसा इतना जबरदस्त थी कि युवकों की मौके ही मौत हो गए। टक्कर लगने से एक युवक उछलकर नहर में जा गिरा। हादसे की सूचना ट्रेन डाईवर ने इसकी सूचना रेलवे स्टेशन अधीक्षक को दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से एक ही शव मिला है। एक शव नहर में गिरने के कारण उसकी तलाश गोताखोरों से कराई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस स्थानीय स्तर पर शिनाख्त के प्रयास में लगी हुई है। बताते चलें कि गर्मी शुरू होते ही मुरादनगर स्थित नहर में नहाने के लिए सुबह से शाम तक जमवाड़ा लगा रहता है। बताया जा रहा है कि युवक ट्रेन आते ही रेलवे पुल से नहर में छलांग लगाते है।



इतना नहीं रील बनाने के लिए भी ऐसा किया जाता है। आशंका जताई जा रही है कि नहर में नहाने के लिए आए युवक ही ट्रेन की चपेट में आ गए हो। पिछले साल भी इस तरह के कई हादसे हुए थे। एसीपी मंसूरी सर्किल नरेश कुमार का कहना है कि ट्रेन की चपेट में आकर दो युवकों की मौत हुई है। एक युवक का शव बरामद हो गया है ,जबकि दूसरे युवक की तलाश में नहर में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। मृतकों के शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। पुल से नहर में कूदने वालों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी।

# छोटे भाई को भी मौत के घाट उतारना चाहता था मां भाई का हत्यारोपी

**लोनी (करंट क्राइम)।** मां भाई का हत्यारोपी छोटे भाई को भी मौत के घाट उतारना चाहता था, लेकिन छोटा भाई कमरे का कुंदा अंदर से बंद कर सो रहा था जिससे उसकी जान बच गई। जिस मकान के लिए उसने मां की हत्या की, उस मकान की वसीयत पहले ही उसकी मां तीनों बेटों के नाम कर चुकी थी। छोटे भाई का आरोप है कि हत्यारोपी ने इस घटना को अकेले अंजाम नहीं दिया है, उसके साथ कोई और भी रहा होगा।

पोस्टमार्टम के बाद बुधवार शाम ही शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया था। गौरतलब है कि मंगलवार रात लोनी बॉर्डर थाने की गुलाब वाटिका कॉलोनी में धर्मेन्द्र ने अपनी मां यशोदा 70 तथा दिव्यांग भाई बिजेन्द्र उर्फ लाला 35 की चारपाई के पाए से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी थी।

### मां ने पहले ही मकान की वसीयत तीनों बेटों के नाम कर दी थी

करंट क्राइम। आकाश ने बताया कि उसकी मां ने मकान की वसीयत पहले ही तीनों भाईयों के नाम कर दी थी। भूतल उसके नाम , प्रथम तल मझले भाई बिजेन्द्र के नाम तथा द्वितीय तल की वसीयत धमेन्द्र के नाम की हुई थी, लेकिन धर्मेन्द्र को इसकी जानकारी नहीं थी। वह शादी के बाद से ही पत्नी के साथ मां से अलग रहता था तथा शराब पीने का आदी था। प्राईवेट कम्पनी में छोटी सी नौकरी से उसको घर का खर्च चलाना मुश्किल था, लेकिन शराब की लत ने उसे कर्जदार बना दिया था। तकादगीर उस पर तकाजा करते रहते थे।




### मिलते ही पांच फिर मेंबर नहीं आने देते ठेकेदार पर कोई आंच

जिस नाली खड़जे वाले महकमें के शोर मच रहा था कि अब महकमें में कोई चोर नही बचेगा अब उसी महकमें में लूट मच रही है। कमीशन डबल हो गया है, कैश चाहिये और एडवांस चाहिये। पहली बार के मौहल्ला प्रधानो के ईमानो की कहानी गूंज रही है और महिला प्रधान भी किसी से कम नही है। प्रधान पतियो की तो टोन ही एकदम अलग चल रही है। सरकार कोई भी हो ठेकेदार जानते हैं कैसे हैंडल करना है। वो बता रहे है कि दिक्कत तो ईमानदारों से होती है बेईमान को तो कभी भी खरीद लो। ठेकेदार बिलो रेट से लेकर वीआईपी सेट कर चुके तो ये पांच परसेंट वाले भला क्या चीज है उनके सामने वो बता रहे हैं कि बहुत ही भले प्रधान है ये। पांच परसेंट जरूर ले रहे हैं लेकिन काम पूरा कर रहे हैं। पांच परसेंट लेते ही पूरा कोपरेशन करते हैं,पूरी टेंशन लेते हैं। कोई शिकायत करे तो उसे भी वहीं जाकर देखते हैं। पांच इन्हे दे दो फिर खुला खेल गाजियाबादी खेलो। हां अगर नही दिये तो फिर इनकी शिकायतों को रोज ही झेलो।

### सावन के महीने में लौट आएंगे फ्लावर ठाकुर भगवा सफीने में

सुना है कि इस बार तलवार वाले नाराज हैं और बार बार चुनाव में वो ललकार भी दे रहे हैं। जिस सीट पर कई सालों से खिला ही कमल हैं उस लोकसभा सीट पर पता नही क्यों आंशिक विधानसभा में फुल टाईम चार बार के सासंद को लगाया गया कि अपनी बिरादरी वालों को मनाओं। बिरादरी वाले उनके कहने से मानते तो लोकसभा वाले यहां से विधानसभा का चुनाव थोड़ी ना हारते। अरे समझाने का काम तो जीते हुये विधायक कर लेते। वो भी तो बिरादरी से ठाकुर ही हैं। बात ठाकुरों की नाराजगी को लेकर चली तो ठाकुर ने ही कहा कि कमल ही खिल रहा है उनके सीने में और आप देख लेना वो फ्लावर ठाकुर लौट आयेगें सावन के महीने में भगवा सफीने में। वजह भी बता दी कि हर चीज पालिटिक्स नही होती भाईसाहब। काम धंधा रोजगार तो सरकार से ही चलना है। जून के महीने में सरकार बन जायेगी और जुलाई के महीने में सावन आ जायेगा।

### जो हमें हरा रहा था उसे फूल वालों ने बुलाकर हार पहना दिया

फूल वाले अपना कुनबा तो बढ़ा रहे हैं लेकिन उनके इस कदम से फूल वाले ही किलस कर भुनगा हुये जा रहे हैं। जिनसे उनकी चुनावी जंग हुई है उन्हे ही फूल वालों ने बुला कर भगवा रंग दिया है। जो पूरी ताकत से वार्ड में भाजपा को चुनाव हरा रहा था वो अब खुद को भाजपाई बता रहा है। मौहल्ले के पुराने भाजपाई ने दल की पालिसी को लेकर दिल का दर्द साझा किया। उन्होने कहा कि जो हमारे मौहल्ले में हमें ही हरा रहा था अब उसे ही हमारे नेताओं ने बुलाकर हार पहना दिया। अब वो पूरे मौहल्ले में खुद को भाजपाई बता रहा है। भाजपा के बड़े नेताओं के साथ अपने मोबाईल में फोटो भी दिखा रहा है।

## न्यूज डायरी

### बिजली का सामान बनाने वाली फैक्टरी से लाखों का सामान चोरी

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव बसंतपुर सैतली में देर रात बदमाशों ने बिजली का सामान बनाने वाली एक फैक्टरी से लाखों का सामान चोरी करके ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। गाजियबाद के नवयुग मार्केट निवासी अजय गर्ग की दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव बसंतपुर सैंतली में बिजली के सामान बनाने की फैक्टरी है। सुबह के समय जब फैक्टरी गार्ड पहुंचा तो पता चला कि परिसर से सामान चोरी हुआ है, तुरन्त इसकी सूचना फैक्टरी स्वामी अजय गर्ग को दी गई। अजय गर्ग तुरन्त फैक्टरी पहुंचे और उन्होंने बताया कि बदमाश लाखों की कीमत का सामान चोरी करके ले गए है पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

### कृषि भूमि पर कर रहे थे कब्जा, विरोध किया तो सिर फोड़ा

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के गांव शमशेर में जमीन पर अवैध कब्जा करने का विरोध करना एक युवक को काफी महंगा पड़ा। दंबगों ने पीड़ित का धारदार हथियार से वार कर सिर फोड़ दिया। गाजियाबाद के नूरनगर निवासी ब्रजभूषण शर्मा परिवार सहित रहते हैं। उन्होंने बताया कि सन 2012 में गांव शमशेर में कृषि भूमि ली थी और उसकी तारबंदी करा दी थी। दंबगों ने खेत में खड़े पोल तोड़ दिए और जब विरोध किया तो मारपीट की। इतना ही नहीं धारदार हथियार से वार कर सिर भी फोड़ दिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बालकिशन ,अंकित ,रविन्द्र व एक महिला निवासी अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मजदूरी मांगी तो युवक को पीटा ,रिपोर्ट दर्ज

मुरादनगर (करंट क्राइम)। नगर क्षेत्र के गांव जलालाबाद में मजदूरी के पैसे मांगने पर दंबग ने मजदूर को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव जलालाबाद निवासी आकाश कुमार मजदूरी करके परिवार का लालन पालन करते हैं। उन्होंने गांव निवासी एक व्यक्ति के यहां पर मजदूरी की थी। वह मजदूरी के पैसे मांगने के लिए गए थे। इस बात को लेकर आकाश को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रवि व मोहसिन निवासी गांव जलालाबाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### धोखाधड़ी- जालसाजी में वांछित को पुलिस ने किया अरेस्ट

मुरादनगर( करंट क्राइम)। नगर क्षेत्र में धोखाधड़ी जालसाजी के दो मामलों मे वांछित चल रहे आरोपी युवक को पुलिस ने अरेस्ट कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। भिकक्नपुर गांव निवासी आसिम अली उर्फ आसिम सैफी पुत्र इस्लामुद्दीन के खिलाफ धोखाधड़ी व जालसाजी के दो मामले दर्ज हैं। आसिम पिछले काफी दिनों से दोनों मामलों में वांछित चल रहा था ’ गुरुवार रात को पुलिस को सूचना मिली कि आसिम अली अपने घर में छुपा हुआ है, सूचना मिलने पर पुलिस ने दबिश दी। मौके से उसे गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# आधा दर्जन युवकों ने कार पर किया हमला, एक घायल, 16-17 नामजद

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** आधा दर्जन से अधिक बाइक पर सवार लोगों ने एक कार को जबरन रोक लिया और कार सवार लोगों पर लाठी डंडों से हमला कर पथराव कर दिया। जानलेवा हमले के दौरान जुटी भीड़ के चलते बामुश्किल कार सवार घायल अवस्था में भाग निकले। घायल पक्ष ने इस बावत दो नामजद सहित 16-17 अज्ञात के खिलाफ बलवे, जानलेवा हमले व धमकी देने के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी है।

गांव सैदपुर निवासी चंद्रपाल के पुत्र मोहित का गांव भदौला निवासी चिंटू से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। दोनों के बीच काफी समय से तनातनी चली आ रही थी। चिंटू को पता चला कि मोहित अपनी बहन की शादी की रस्म सगाई समारोह में गांव किल्हौड़ा आया हुआ है, उसने गांव भदौला वाले मार्ग पर अपने साथियों को एकत्र कर लिया। जब कार से मोहित अपने घायल पक्ष की ओर से दो नामजद सहित डेढ़ दर्जन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर परिजनों के साथ सगाई समारोह में शामिल होकर घर लौट रहा था, तभी आरोपी पक्ष के लोगों ने आधा दर्जन बाइक सड़क पर खड़ी कर उसे रास्ते में रोक लिया। लाठी डंडो से उस पर हमला बोल दिया और उसकी कार पर पथराव करना शुरू कर दिया। इसी बीच शोर सुनकर आसपास खेतों में कार्य कर रहे लोग घटनास्थल की ओर दौड़े और उसे बचाया। जान बचाकर मोहित सीधे थाने पहुंचा और पुलिस से शिकायत की। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि घायल मोहित की ओर से शिवांक, चिंटू व सचिन के अलावा 16-17 अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओ में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।




# सैनटेरी की दुकान में चोरी

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** एक सैनटेरी की दुकान से चोर लाखों रुपए का सामान व गल्ले में रखी दस हजार रुपए की नगदी चुराकर ले गये। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव सीकरीकला लालाजी होटल के पास ऋषभ मित्तल का सैनेटरी का कारोबार है। उसने बताया कि उसकी दुकान से सैनटरी का 50-50 हजार रुपए का चोरों ने दो बार में सामान चोरी कर लिया और गल्ले में रखी दस हजार रुपए की नगदी चुरा ली।

चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच के बाद फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुट गयी है।

# युवक पर बाइक सवार युवकों ने जानलेवा हमला कर घायल किया



मोदीनगर,करंट क्राइम। घर में बैठे युवक पर बाइक सवार दो युवकों ने जानलेवा हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने पर परिवार को जान से मार देने की धमकी दे डाली। गांव नगला आक्खू निवासी सुखपाल का पुत्र राजू जब घर पर बैठा था। तभी बाइक सवार दो युवक आये और उसे गाली देने लगे। विरोध करने पर इन युवकों ने राजू पर जानलेवा हमला बोल दिया। राजू के शोर मचाने पर जुटी भीड़ देख आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस ने इस मामले में गांव सुहाना निवासी अमन व राहुल को नामजद किया है। आरोपी फरार बताये गये हैं। वही दूसरी ओर मोहल्ला पठानान निवासी वकील ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जब उसका भतीजा चांद घर के बाहर टहल रहा था, तभी मोहल्ले के ही दो युवकों ने उस पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। गाली गलौच व मारपीट कर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पुलिस ने इस मामले में मौहल्ला पठानान निवासी परवेज व फैसल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# आईटीएस स्कूल के पीजीडीएम प्रतिभागियों के लिए एजुकेशन टूर का सफल आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मोहन नगर के पीजीडीएम सत्र के प्रतिभागियों के लिए इंटरनेशनल एजुकेशन टूर का आयोजन किया गया। टूर में कुल 174 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन प्रतिभागियों ने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से तीन ग्रुपों में क्रमशः 23,25 एवं 26 अप्रैल 2024 को यूएई के लिए प्रस्थान किया और दुबई, अबु धाबी एवं शारजाह के प्रमुख दर्शनीय स्थलों, सिनर्जी यूनिवर्सिटी, मीडिया प्रोडक्शन हाउस एवं बुर्ज खलीफा का दौरा किया। प्रथम ग्रुप प्रो. गुरप्रीत कौर, द्वितीय ग्रुप प्रो. याचना मल्होत्रा एवं तृतीय ग्रुप डॉ. डी के पांडेय के संरक्षण में पहुंचा। डॉ. आर पी चड्ढा ने सभी प्रतिभागियों के शुभ एवं सुरक्षित यात्रा की शुभकामना दी। एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की तथा सभी छात्रों को मनोरंजन के साथ ज्ञान अर्जन करने के महत्वपूर्ण टिप्स भी साझा किये। इस अवधि में प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लिया। साथ ही मिडिल ईस्ट के इन विकसित देशों के एडवांस्ड इंफ्रास्ट्रक्चर का मुआयना किया।








# छात्र का हाथ तोड़ा, रिपोर्ट दर्ज




**मोदीनगर,करंट क्राइम।** पुरानी रंजिश के चलते 16 वर्षीय किशोर को डंडा मारकर हाथ तोड़ दिया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। शिव विहार कॉलोनी निवासी श्रीभगवान परिवार सहित रहते हं। उनका 16 वर्षीय पुत्र छात्र है वह दिलीप पार्क में किसी काम से गया था। आरोप है कि वहां से उसे चार युवक उठाकर फफराना बस्ती ले गए और जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं डंड़ा मारकर उसका हाथ तोड़ दिया। गंभीर हालात में छात्र को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छात्र ने पांच युवकों के खिलाफ तहरीर दी है। इसके अलावा नगर की भूपेन्द्रपुरी कॉलोनी में ई-रिक्शा चालक ने लोहे की रॉड से हमला कर सुबोध निवासी भूपेन्द्रपुरी का सिर फोड़ दिया। गंभीर हालत में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# फोन पर जान से मारने की धमकी, घर के बाहर फायरिंग

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** दंबगों ने पहले फोन पर जान से मारने की धमकी दी और फिर घर के बाहर कई राउंड फायरिंग की। गनीमत यह रही कि गोली किसी को नहीं लगी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। गांव फफराना निवासी शिवम परिवार सहित रहते हैं। शिवम ने बताया कि रात 11 बजे के आसपास मेरे पास एक युवक का फोन आया। फोन करने वाले युवक गंदी-गंदी गाली देने लगा और कहने लगा कि आज जान से मार देंगे। शिवम का आरोप है कि इसके बीस मिनट बाद दो युवक आए और घर के बाहर पांच रांउड फायरिंग की। अचानक फायरिंग होने से गांव में दहशत फैल गई। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।




# कईयों के आउट होने पर अब कौन होगा इन




पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते कुछ दिनों के भीतर एक खास कार्यालय से एक के बाद एक पुलिसकर्मी लाइन भेजी जा रहे हैं। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि कुछ नए चेहरे सर्च किया जा रहे हैं। अब देखना होगा कि कौन आएगा और कौन सा फेस यहां का वर्क कर पाएगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि कईयों के आउट होने के बाद अब इन होने का कौन प्लान बना रहा है यह देखने वाली बात होगी। सुनने में आ रहा है दो खास आईपीएस से फिर मदद ली जाएगी। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट में बुधवार को दो जोन का मामला बेहद टाइट बताया जा रहा था। तो सूत्र यह बता रहे हैं कि एक के बाद एक हो रही हत्याओं के बाद से कमिश्नरेट में टेंशन वाला ग्राफ बढ़ गया है। उधर सुनने में आया है कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीते कुछ दिनों के दौरान प्रत्येक जोन में झपटमारी की वारदात बढ़ गई है, उसको लेकर भी साहब नाराज बताए जा रहे हैं। इन सबके बीच गर्मियों का सीजन बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। दिन में पारा-41 पर पहुंच गया है। गर्मी बढ़ने का असर मौसम के साथ ही चोरी की वारदातों में इजाफा करेगा। तो वही आने वाले दिनों में स्कूलों की छुट्टी होने के बाद और लोगों के समर हॉलीडे पर जाने के बाद बड़ी समस्या हो सकती है। इसी दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद लगातार फोर्स की कमी से जूझ रहा है। तमाम अन्य तैयारियों के बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में खास कार्यालय में किसको एंट्री मिलती है यह देखना अब बेहद दिलचस्प रहेगा। वैसे पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि एक आईपीएस अधिकारी जो की छुट्टी पर चल रहे हैं, उनको लेकर भी कई तरीके की अफवाहें सुनाई दे रही हैं। कोई कह रहा है कि मेडिकल वालों का मामला पुलिस कमिश्नरेट में जैसा पूर्व में रहा है, कहीं इस बार भी वैसा ही ना हो जाए। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के खास ऑफिस में अब कौन से थ्री-स्टार जाएंगे या फिर टू-स्टारों को यह मौका दिया जाएगा, यह भी एक रोचक बात बनी हुई है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में मई के महीने में ही जून वाला सीन अभी से क्रिएट होना शुरू हो गया है, ऐसा सूत्रों का दावा है। अब देखना होगा आउट होने वाले ऑफिस में इन कौन होगा।

# शराबी युवकों ने गर्भवती महिला के साथ मारपीट की



**मोदीनगर,करंट क्राइम।** मामूली विवाद पर शराबी युवकों ने एक गर्भवती महिला के साथ अभद्रता,मारपीट की। महिला द्वारा विरोध करने पर उसके कपड़े फाड़ डाले, बीच बचाव में आये देवर पर भी जानलेवा हमला बोलकर उसे घायल कर दिया। पुलिस चौकी में मामले को रफादफा कर दिया। जब मामला पुलिस कमिश्नर के समक्ष पहुंचा तो आधा दर्जन नामजद आरोपियों के खिलाफ गभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया। हनुमानपुरी निवासी महिला छोटी छ माह की गर्भवती है, उसका पति सोनू फूल माला बेचकर घर की गुजर बसर करता है,उसके पड़ोस में रहने वाला रवि शराबी किस्म का युवक है। बताया जा रहा है कि जब महिला का देवर साजन घर लौट रहा था,तभी शराब के नशे में रवि व उसके दोस्तों ने साजन के साथ गाली गलौच कर दी और उसे पीटना शुरू कर दिया। यह देख जब उसकी भाभी वहाँ पहुंची तो नशे में चूर इन युवकों ने उसके साथ गाली गलौच व अभद्रता करते हुए कपड़े तक फाड़ डाले। मामला पुलिस के आलाधिकारियों के समक्ष पंहुचा। उनके निर्देश पर मामला दर्ज हुआ। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि हनुमानपुरी मौहल्ले के ही रवि, सन्नी उर्फ सन्नू उर्फ छोटू, नितिन, विनोद, सुरेश, रमेश, नरेश व मनोज पडिंत सहित नौ के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। महिला का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

# राणा प्रताप स्कूल में शौर्य के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयन्ती पर रंगारंग कार्यक्रम






**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** गुरुवार को राणा प्रताप हायर सै० स्कूल में महाराणा प्रताप की जयन्ती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर डॉ० पूनम शिशौदिया द्वारा महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के नन्हें मुन्हे बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये और कुछ बच्चों ने महाराणा प्रताप की वेशभूषा में फैन्सी ड्रेस का सुन्दर प्रदर्शन किया।

विद्यालय की अध्यापिका श्रीमति मीनाक्षी यादव ने वीर रस से ओतंप्रोत महाराणा प्रताप की वीरता का वर्णन करते हुए कविता का गान किया और सभी आगन्तुको का मन मोह लिया। विद्यालय की डायरेक्टर डॉ० पूनम शिशौदिया ने बच्चों को महाराणा प्रताप के बारे में बताया कि महाराणा प्रताप अपने पराक्रम और शौर्य के लिए पूरी दुनिया में जाने जाते हैं। हल्दीघाटी के युद्ध के विषय में जानकारी दी और उनकी वीरता के बारे में बच्चों को अवगत कराया। ऐसे वीर को हम शत शत नमन करते हैं जो इतिहास के पन्नों में सदा के लिए अमर हो गये। अन्त में विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और सभी बच्चों को महाराणा प्रताप जैसा वीर बालक बनने के लिये प्रेरित किया। इसके पश्चात नंदग्राम से महाराणा प्रताप भवन तक विशाल शोभायात्रा निकाली जिसमें 200 लोगों ने भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं उपप्रधानाचार्या श्रीमती राज रानी अरोड़ा भी उपस्थित रहीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ० पूनम शिशौदिया ने रवि कुमार सिंह को स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनन्दन दिया। प्रधानाचार्या ने महाराणा प्रताप समिति की रीता सिहं एवं राजपूत योद्धा परिवार का फूलमाला पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

# ब्राजील में बारिश-बाढ़ से तबाही : अब तक 100 की मौत, 14 लाख लोग प्रभावित

## 29 अप्रैल से लगातार हो रही भारी बारिश












**रियो डी जेनेरिया।** ब्राजील इन दिनों प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा है। ब्राजील के दक्षिण में स्थित रियो ग्रेनेड डो सुल राज्य में बीते एक हफ्ते से ज्यादा समय से भारी बारिश के चलते बाढ़ आई हुई है। इस बाढ़ के चलते करीब 100 लोगों की मौत की खबर है। बाढ़ से साढ़े 14 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। दो लाख लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। ब्राजील की सिविल डिफेंस एजेंसी के आंकड़ों के अनुसार, बाढ़-बारिश के चलते अब तक 99,800 घर आंशिक या पूर्ण रूप से तबाह हो चुके हैं।


ब्राजील के राज्य रियो ग्रेनेड डो सुल राज्य में बीती 29 अप्रैल से भारी बारिश का दौर चल रहा है। इसके चलते राज्य के 497 शहरों में से 414 बाढ़ से जूझ रहे हैं। यह राज्य ब्राजील का कृषि और पशुपालन करने वाला शीर्ष राज्य है। अर्जेंटीना और उरुग्वे के बॉर्डर पर स्थित यह राज्य बारिश और बाढ़ के साथ ही तूफानों से भी जूझ रहा है। एक अनुमान के मुताबिक इस बारिश और बाढ़ से करीब 4.6 अरब रियाल का आर्थिक नुकसान हुआ है और बड़ी मात्रा में आवास और आधारभूत ढांचे को नुकसान हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 130 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। मौसम विभाग ने अभी और बारिश होने को अनुमान जताया है, जिससे हालात और भी खराब हो सकते हैं। बारिश के चलते नदियां और तालाब लबालब भरे हुए हैं। पोर्टो एलेग्रे शहर बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित है।

### लोकसभा चुनाव के दौरान रूस का दावा

# 'भारत के चुनाव बाधित करना चाहता है संयुक्त राज्य अमेरिका'

**मास्को।** रूस ने खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के प्रयास की साजिश के मामले में भारत पर लगातार निराधार आरोप लगाने के लिए अमेरिका को आड़े हाथों लिया है। रूस ने कहा, अमेरिका का मकसद भारत के आंतरिक राजनीतिक हालात में गड़बड़ी पैदा करना है, जिससे आम चुनाव बाधित किए जा सकें। यह भारत के अंदरूनी मामलों में दखल का हिस्सा है।




### यह भारत का अनादर

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि हमारी जानकारी के अनुसार, वाशिंगटन ने अभी तक पन्नू नामक किसी व्यक्ति की हत्या की साजिश में भारतीय नागरिकों के शामिल होने की कोई भरोसेमंद जानकारी या सबूत पेश नहीं किया है। जखारोवा ने कहा, धार्मिक आजादी के उल्लंघन की बात अमेरिका की भारत की राष्ट्रीय मानसिकता को लेकर कमजोर समझ और संप्रभु देश के तौर पर भारत के प्रति अनादर को दशार्ती है।

### क्या है गुरुपतवंत सिंह पन्नू का मामला

अमेरिका के न्याय विभाग के अनुसार, 52 वर्षीय निखिल गुप्ता एक भारतीय नागरिक हैं। 30 जून 2023 को चेक रिपब्लिक में गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया था। अब चेक रिपब्लिक से निखिल गुप्ता को अमेरिका प्रत्यर्पण किया जाएगा। अमेरिकी न्याय विभाग का कहना है कि भारत के एक सरकारी अधिकारी, जिसके नाम का खुलासा नहीं हुआ है, वह निखिल गुप्ता और अन्य उस सरकारी अधिकारी के संपर्क में था। ये लोग अमेरिका में एक राजनीतिक कार्यकर्ता गुरुपतवंत सिंह पन्नू, जो भारतीय मूल का है और अमेरिकी नागरिक है, उसकी हत्या की साजिश रच रहे थे।

### पहले भी अमेरिका साफ कर चुका है मामला

हाल ही में, अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि अमेरिका अंतरराष्ट्रीय उत्पीड़न को सहन नहीं करता, यह बात सिर्फ भारत के लिए नहीं है, बल्कि पूरे विश्व के लिए है। हम विरोध करते हैं फिर चाहे वह कोई भी देश हो।

यह एक बड़ा मुद्दा है और हम मंचों से ऐसे लोगों के बारे में बात नहीं करते। हमें जैसे ही मामले की जानकारी मिली वैसे ही हमारे वरिष्ठ अधिकारियों ने भारतीय वरिष्ठों के साथ बैठक की।

## विश्व स्वास्थ्य संगठन का दावा- एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में

# बर्ड फ्लू फैलने का फिलहाल कोई संकेत नहीं

**यूएन।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) का कहना है कि एच5एन1 एवियन इन्फ्लुएंजा वायरस में फिलहाल ऐसे बदलाव आने के संकेत नहीं हैं, जिससे उसके एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलने की आशंका बढ़ती हो। यूएन एजेंसी ने फि लहाल इस वायरस और संक्रमण मामलों की लगातार निगरानी किए जाने का आग्रह किया है।



> विश्व भर में इन्फ्लुएंजा की निगरानी के लिए व्यवस्था है, जिसे 130 देशों में स्थित केंद्रों के एक नेटवर्क द्वारा संचालित किया जाता है।
>
> -डॉक्टर टैड्रॉस

संयुक्त राज्य अमेरिका के कई इलाकों में लाखों डेयरी मवेशियों में बर्ड फ्लू का प्रकोप है और अब तक एक व्यक्ति के संक्रमित होने की जानकारी प्राप्त हुई है। अब तक कम से कम 220 व्यक्तियों की निगरानी की गई है और 30 का परीक्षण हुआ है।

यूएन स्वास्थ्य एजेंसी के महानिदेशक टेड्रोस एडहेनॉम घेबरेयेसस ने बताया कि अनेक व्यक्ति संक्रमित पशुओं के संपर्क में आए हैं और उनकी निगरानी व परीक्षण अहम है। साथ ही उन्हें आवश्यकता अनुसार स्वास्थ्य देखभाल मुहैया कराई जानी होगी।

डॉक्टर टैड्रॉस के अनुसार, अभी तक वायरस ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि व्यक्तियों में उसके फैलने की स्थिति बनती हो, मगर निरंतर निगरानी की जानी जरूरी है।

स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि अमेरिका में कच्चे दूध में यह वायरस मिला है, मगर शुरूआती परीक्षण दशार्ते हैं कि दूध को ज्यादा तापमान पर कुछ देर गर्म करने और फिर ठंडा करने, पाश्चरीकरण से वायरस खत्म हो जाता है। इसके मद्देनजर, यूएन एजेंसी ने सभी देशों में लोगों को पाश्चरीकृत दूध का इस्तेमाल करने की सलाह दी है, जिसके जरिए संभावित वायरस के सूक्ष्मजीवों को इस स्तर पर कम किया जा सकता है, जिससे स्वास्थ्य जोखिम न हो। इससे दूध को इस्तेमाल करने की अवधि में भी वृद्धि होती है।

### सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए जोखिम कम

यूएन एजेंसी के महानिदेशक ने बताया कि संगठन का आकलन है कि एच5एन1 एवियन इन्फ़्लुएंजा के कारण सार्वजनिक स्वास्त्य जोखिम का स्तर फि लहाल कम है. संक्रमित पशुओं के सम्पर्क में आने वाले लोगों के लिए मामूली से सामान्य स्तर पर है।

डॉक्टर टैड्रॉस के अनुसार विश्व भर में इन्फ्लुएंजा की निगरानी के लिए व्यवस्था है, जिसे 130 देशों में स्थित केंद्रों के एक नेटवर्क द्वारा संचालित किया जाता है। हाल के वर्षों में, एच5एन1 जंगली पक्षियों, मुर्गियों, भूमि व समुद्र में स्तनपायी जीवों में तेजी से फैला है और अब यह डेयरी मवेशियों को संक्रमित कर रहा है। वर्ष 2021 से अब तक व्यक्तियों के संक्रमित होने के 28 मामले सामने आ चुके हैं, हालांकि, एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में इस वायरस के फैलने का मामले की पुष्टि नहीं हुई है।




# अमेरिका के शिकागो से भारतीय छात्र लापता

### पुलिस के संपर्क में है भारत का महावाणिज्य दूतावास

**वाशिंगटन।** भारतीय छात्रों के लिए अमेरिका में पढ़ना एक सपना रहा है, लेकिन बीते कुछ समय से यह सपना बुरे सपने में बदलता जा रहा है। दरअसल अमेरिका में लगातार भारतीय छात्रों के गायब होने या हत्या होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। अब एक बार फिर अमेरिका के शिकागो से एक भारतीय छात्र लापता हुआ है। छात्र की पहचान रुपेश चंद्रा चिंताकिंदी के रूप में हुई है, जो कि बीती 2 मई से लापता है।

### भारत के महावाणिज्य दूतावास ने जारी किया बयान

शिकागो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बताया है कि वह पुलिस और अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदाय के संपर्क में है। महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'महावाणिज्य दूतावास भारतीय छात्र रुपेश चंद्रा के लापता होने की खबर सुनकर बेहद चिंतित है। दूतावास लगातार भारतीय समुदाय और पुलिस के संपर्क में है और उम्मीद है कि जल्द ही रुपेश का पता चल जाएगा।' शिकागो पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर उन्हें रुपेश के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो उसे पुलिस के साथ साझा करें। रुपेश बीती 2 मई से शिकागो के 4300 ब्लॉक से एन शेरिडान रोड से लापता है। गौरतलब है कि इससे पहले मार्च में भी एक भारतीय छात्र लापता हो गया था, जिसका अप्रैल में शव बरामद हुआ था। हैदराबाद के रहने वाले मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव ओहायो के क्लीवलैंड से बरामद किया गया था। अरफात क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी से आईटी में मास्टर की डिग्री की पढ़ाई करने अमेरिका गया था।

### अमेरिका में लगातार बढ़े भारतीय छात्रों पर आपराधिक हमले

हाल के दिनों में अमेरिका में भारतीय छात्रों की मौत की घटनाएं बढ़ गई हैं। अप्रैल में एक भारतीय छात्र उमा सत्य साईं गड्डे की भी मौत हो गई थी, जिसकी जांच चल रही है। इससे पहले फरवरी में एक भारतीय छात्र पर हमला हुआ था।

इस साल अमेरिका में 11 भारतीय छात्रों की विभिन्न कारणों से मौत हो चुकी है। ऐसे में अमेरिका में भारतीय छात्रों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के छात्र की हत्या

**आस्ट्रेलिया।** आस्ट्रेलिया में भारत के 22 साल के एमटेक में पढ़ रहे छात्र की हत्या में भारतीय मूल के दो भाई को आस्ट्रेलिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनको मेलबर्न मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया जाएगा। करनाल के मुनक क्षेत्र के गगसीना गांव के नवजीत सिंह की ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में चाकुओं से सीने पर तीन वार कर हत्या की थी। उसकी हत्या के आरोप में 26 वर्षीय अभिजीत और 27 वर्षीय रॉबिन गार्टन को मंगलवार को न्यू साउथ वेल्स के गॉलबर्न शहर से गिरफ्तार किया। पुलिस उन्हें विक्टोरिया प्रत्यर्पित करने की तैयारी कर रही है।




बता दें के कि नोबल पार्क के नवजीत संधू की हत्या और नोबल पार्क के अन्य व्यक्ति को घायल कर दोनों भाई भाग रहे थे। पुलिस ने दोनों गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बताया कि पर हत्या और दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया गया है। नवजीत के पिता जितेंद्र संधू ने बताया कि उसका 22 बेटा नवजीत सिंह संधू गांव से स्टडी वीजा पर नवंबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया गया था। पढ़ाई के साथ-साथ काम भी करता था। बसताड़ा गांव के दो युवक एक कमरे में रहते थे। दो दिन पहले बीजना गांव के स्वर्ण व रिषभ नवजीत के पास आकर रहने लगे। रात के समय जब वे खाना खा रहे थे तो उसी दौरान बसताड़ा गांव के लड़के का फोन आया कि वे अपना सामान उनके यहां से उठाकर ले जाएं। नवजीत के पास गाड़ी थी तो वे दोनों उसे भी अपने साथ ले गए।

आरोप है कि स्वर्ण और रिषभ अपना सामान उठाने के लिए कमरे में गए। तब वहां बसताड़ा गांव के दो लड़के अभिजीत व पंकज नशे में धुत थे। दोनों लड़के नशे की हालत में उनके साथ हाथापाई करने लगे। जब स्वर्ण और रिषभ काफी देर बाद भी कमरे से बाहर नहीं आए तो नवजीत गाड़ी से उतर कर अंदर गया। उसने देखा कि वहां पर एक युवक स्वर्ण और रिषभ पर वार कर रहा था। जब नवजीत उनमें बीच-बचाव करने लगा तो उसी समय एक युवक ने उसके सीने पर तीन बार वार किए। जिससे उसकी मौत हो गई।

किराए को लेकर हुआ था विवाद

हरियाणा के करनाल में नवजीत के चाचा यशवीर के अनुसार, नवजीत पर एक अन्य छात्र ने चाकू से जानलेवा हमला किया। उनका आरोप है कि कुछ भारतीय छात्रों में किराए को लेकर विवाद हुआ। पुलिस ने बताया कि घर पर एक हथियार मिला है और इसकी फोरेंसिक जांच की जाएगी। सोमवार को डिटेक्टिव इंस्पेक्टर डीन थॉमस ने बताया कि पुलिस का मानना है कि दोनों भाई ऑरमंड घर में रहते थे, जहां रविवार को एक पार्टी आयोजित की गई थी।

# दक्षिण गाजा की स्थिति बेहद चिंतनीय : डब्ल्यूएचओ

**तेल अवीव।** हमास और इस्राइल में जारी युद्ध के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चिंता जाहिर की है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि गाजा के दक्षिण में मात्र अगले तीन दिनों तक स्वास्थ्य सेवाओं को जारी रखने के लिए ईंधन बचा है। गौरतलब है कि इस्राइली हमलों से बचने के लिए बड़ी संख्या में फलस्तीनियों ने दक्षिणी शहर में शरण ली है। इस्राइल ने धमकी दी है कि वह दक्षिणी शहर राफा में बड़ा हमला करेंगे, जिससे बड़ी संख्या में हमास लड़ाकों को खत्म किया जा सके।

डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस अधनोम घेब्रेयसस ने बुधवार को कहा कि राफा के तीन अस्पतालों में से एक अबू यूसुफ अल-नज्जर पहले से ही काम नहीं कर पा रहा है। इसके कुछ उपकरण फील्ड अस्पतालों में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। हालांकि, डब्ल्यूएचओ एहतियातन गोदामों और अस्पतालों में कुछ आपूर्तियां पहले से ही कर चुका है लेकिन गाजा में और सहायता दिए बिना अस्पतालों को चलाना मुश्किल है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की थी और राफा को लेकर चिंता जाहिर की थी। अमेरिका सहित इस्राइल के अन्य करीबी सहयोगियों ने कई बार कहा है कि इस्राइल को राफा पर हमला नहीं करना चाहिए। बता दें, राफा में करीब 1.4 मिलियन फलस्तीनियों ने शरण ले रखी थी।

### पाकिस्तान के ग्वादर में एक बार फिर आतंकी हमला

# सात मजदूरों की मौत और एक घायल

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान में आजकल आए दिन आतंकी हमले हो रहे हैं। अब एक बार फिर बुधवार रात को ग्वादर में आतंकवादियों ने हमला कर दिया। इस हमले में सात मजदूरों की मौत हो गई।



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आतंकवादियों ने ग्वादर के सरबंद में फिश हार्बर जेट्टी के पास आवासीय क्वार्टरों पर हमला किया। आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इसके कारण सो रहे सात लोगों की मौत हो गई और अन्य एक घायल हो गया।

### पाकिस्तान में लगातार बढ़ रहे आतंकी हमले

पाकिस्तान में आतंकवाद की घटनाओं में बढ़ोतरी देखने को मिली है। हाल ही में सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज द्वारा जारी एक वार्षिक सुरक्षा रिपोर्ट जारी की गई। इस रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में 2023 में 789 आतंकी हमले हुए। इन हमलों में 1,524 लोगों की मौत हुई और 1,463 लोग घायल हुए। यह बीते छह सालों में उच्चतम रिकॉर्ड है।

### पोर्ट में घुसे थे 8 हथियारबंद लोग

इससे पहले 20 मार्च को पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित ग्वादर पोर्ट पर आतंकी हमले की खबर सामने आई थी। बताया जा रहा था कि ग्वादर पोर्ट के अथॉरिटी कॉम्प्लैक्स में आठ हथियारबंद आंतकवादी जबरदस्ती घुसे। इसके बाद उनके द्वारा मौके पर गोलीबारी और बम धमाके किए गए थे।

मकरान डिविजन के कमिश्नर सईद अहमद उमरानी का कहना था कि यह हमला प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी द्वारा किया गया है। हमले में किसी स्थानीय के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई थी।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि करीब आठ हथियारबंद लोग ग्वादर पोर्ट में जबरन घुसे। इस कॉम्प्लेक्स में पाकिस्तान चुनाव आयोग समेत कई सरकारी ऑफिस हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना था कि पहले गोलीबारी और फिर बम धमाके की आवाजें सुनाई दी।

# भारत में दुनिया से आया सर्वाधिक पैसा

## 111.22 अरब डॉलर की धनराशि मिली

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र की प्रवासन एजेंसी इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने कहा कि भारत में 2022 में दुनिया भर से 111 अरब डॉलर धनराशि प्राप्त हुई जो सर्वाधिक है। इसी के साथ भारत 100 अरब डॉलर के आंकड़े को पार करने वाला पहला भी देश बन गया है। यह धन प्रवासियों ने भारत में मित्रों व रिश्तेदारों को हस्तांतरित किया है।



आईओएम ने अपनी विश्व प्रवासन रिपोर्ट, 2024 में कहा कि 2022 में प्रेषित धन प्राप्त करने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत, मेक्सिको, चीन, फिलीपीन और फ्रांस शामिल हैं। भारत शीर्ष पर रहा और उसे 111.22 अरब डॉलर की धनराशि मिली। मेक्सिको 2022 में दूसरा सबसे ज्यादा प्रेषित धन प्राप्त करने वाला देश रहा। यह स्थान उसने 2021 में चीन को पछाड़कर हासिल किया था।\

**भारतीयों का प्रवास बेहद अहम :** अब तक भारत के बाद चीन ऐतिहासिक रूप से प्रेषित धन प्राप्त करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा है। भारत 2010 (53.48 अरब डॉलर), 2015 (68.91 अरब डॉलर) और 2020 (83.15 अरब डॉलर) में भी शीर्ष पर रहा। भारत एशिया में भी 10 शीर्ष देशों में शामिल रहा, जो इस उपक्षेत्र से कामगारों के प्रवास के महत्व को दिखाता है।

### दुनिया में सर्वाधिक प्रवासी भारतवंशी

पाकिस्तान और बांग्लादेश 2022 में क्रमशः करीब 30 अरब डॉलर और 21.5 अरब डॉलर के साथ प्रेषित धन प्राप्त करने वाले छठे और आठवें देश रहे। दुनिया में सर्वाधिक प्रवासी भी भारतवंशी होते हैं जिनकी संख्या देश की कुल आबादी का करीब 1.3 प्रतिशत या 1.8 करोड़ है।

उफ गर्मी



फोटो वरुण लहोरिया

# चुनाव बाद जनता के दुःख-दर्द में नियमित शामिल हो रही हैं कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा

## बढ़ते अपराधों पर अविलंब काबू पाए पुलिस कमिश्नरेट प्रशासन, अन्यथा होगा जनांदोलन: डॉली शर्मा

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने जनपद में बढ़ रहे अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि अगर अपराधों पर पुलिस प्रशासन जल्द से जल्द अंकुश नहीं लगाता है तो कांग्रेस पार्टी पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी। डॉली शर्मा बीते दिवस अपने मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के सुख-दुःख में शामिल हुईं और सबकी कुशलक्षेम पूंछते हुए उन्होंने उपरोक्त बातें कहीं।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी, के जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी भी अपने समर्थकों के साथ उनके साथ रहे। डॉली शर्मा सबसे पहले मुरादनगर के सिकरोड़ गांव के रहने वाले देवेंद्र शर्मा के यहां पहुंचीं और उनके परिजनों से मिलकर शोक-संवेदना प्रकट की और उनके परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया।

विदित हो कि गत दिनों उनके जवान पुत्र योगेन्द्र शर्मा को अगवा कर उसकी निर्मम हत्या कर दी गई थी।



### गाजियाबाद के लोगों को पीड़ा होगी तो चुप नहीं बैठूंगी: डॉली शर्मा

**करंट क्राइम।** मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में लगातार इस तरीके की घटनाएं बढ़ रही हैं, जो किसी भी सभ्य समाज के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सवालिया लहजे में पूछा कि आखिर क्या वजह है कि अभी तक एक भी अपराधी नहीं पकड़ा गया। उन्होंने इस मामले में शामिल अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही दो टूक शब्दों में कहा कि गाजियाबाद में बढ़ते अपराध पर अविलंब काबू पाए पुलिस प्रशासन, अन्यथा जनांदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि गाजियाबाद के लोगों को पीड़ा होगी तो मैं चुप नहीं बैठूंगी। अंत में डॉली शर्मा ने मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रेवड़ी गांव में मुरादनगर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राजवीर कसाना के अलावा कई लोगों के यहां शोक संवेदना व्यक्त करने गई।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि की वार्ता मैं मौजूद ? यहाँ पर नजर नहीं आ रहा था भगवा मेम्बर संतोष का वजूद ? सुना है, वार्ता मैं मौजूद रहने के लिए भगवा मैडम की और से उनको भेजा गया था विशेष पैगाम ? हम सुन रहे थे वार्ता में बार बार मैडम ले रही थी उनका नाम ? ये नजारा देखकर किसी ने बात कही जरूरी ? कहा या तो मेम्बर साहब जानबूझकर नहीं आये ? या रियल में रही होगी उनकी कोई मजबूरी ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि संतोष भइया की वार्ता वाली दूरी को देखकर किसी ने कहा, इनका नहीं आना नहीं है इतना गंभीर मैटर ? मगर वार्ता से भगवा जय और वीरू की जोड़ी क्यों दूरी बना गई ? ये बात हमको नहीं लगी बिलकुल भी बेटर ? दोनों की गैरहाजरी करा रही थी इस बात का एहसास ? अब पहले जैसी नहीं रही है दोनों की ताकतवर लेडी से पहले जैसी बात ? जो छोटी छोटी बातों पार नजर आते थे कभी मैडम के आस पास ? ना जाने ऐसा क्या हुआ जो कराया जा रहा है अब सोच समझकर दूरियों का एहसास ? सीन में कही ना कही नाराजगी का का मामला ? बस ये पता नहीं चल रहा, ये मैडम से हैं या फिर मैडम है इन दोनों से नाराज ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको नादिया पार के एक पहलवान की गतिविधियों की बता रहे बात ? मगर आगे बड़ने से पहले आपको ये क्लियर कर दे, ये वो पहलवान नहीं है जिनको माना जाता है भगवा कमांडर का खास ? हाँ ये वो पहलवान जरूर है, जिनका दोनों दोस्तों से है रिश्ता खास ? सुना है ये पहलवान भैया आजकल खूब नजर आते एरिया के सभी प्रॉपर्टी डीलरों के साथ ? हो सकता है इनकी किसी प्रॉपर्टी के सेल परचेज का मैटर हो ? या फिर पहलवान के दिल में उछाल मार रहे हो कोई बड़े वाले ख़्वाब ? सुना है जनता की सुनवाई भी अब प्रॉपर्ट डीलर के ऑफिस से करते है ये भाईसाहब ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मंदिर की शिकायत वाले मैटर में था भगवा मैडम को नागर मेम्बर पर शक ? उन्हें किसी ने बताया था कि नागर जी ही हैं शिकायत वाले सूत्रधार ? सुना है मैडम जी ने जैसे ही इस सवाल के उठते नागर जी की और देखा ? इस आरोप को उन्होंने सिरे से खारिज कर दिया यार ? कहा इस बारे में नहीं है मुझको दूर दूर तक जानकारी ? मेरे खिलाफ ये सब अफवाहें है ? शिकायत वाली है ये किसी और चेहरे की अदाकारी ? सुना है इस स्पष्टीकरण के बाद ही हुई प्रेस वार्ता जारी ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे ताकतवर लेडी जनप्रतिंधि की प्रेस वार्ता में मौजूद ? यहाँ पर नंबर वन वालों के प्रिय त्यागी जी का भी नजर आ रहा था वजूद ? इनकी नाराजगी में नहीं था मंदिर वाला कोई भी मैटर ? मगर ये मौके पर कह रहे थे गर्ग साहब ने चुनाव नहीं लड़ा बेटर ? इन्होंने कहा, आज जो चचाएँ हार जीत के अन्तर को लेकर दे रही है सुनाई ? अगर शुरू में ही चुनावी हवन मैं डाली गई होती सभी जरूर सामग्री ? तो विपक्ष की नहीं दिखाई दे रही होती हमसे इस तरह टक्कर दिखाने वाली लड़ाई ? हम देख रहे थे कि त्यागी जी का आक्रोश हर किसी को दे रहा था सुनाई ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पूरे काम से ईश्वर की तमन्ना रखने वाले भगवा नेता वैसे तो है व्यक्ति बहुत ही ज्यादा शानदार ? मगर मीडिया अगर उनके विपरीत कोई राजनीतिक खबर लगाये, तो फिर वो मीडिया वालों का ही कर देते है तिरस्कार ? सुना है अपनी कमिश्नरी को लेकर छपी खबर पर वो हो गये वो बहुत ज्यादा नाराज ? उन्होंने स्थानीय ग्रुप से मीडिया वाले को बाहर निकाल दिया साहब ? कहने वाले ने कहा, हम तो बस इस बात पर आकर्षित करना चाहते है उनका ध्यान ? यूँ बिना पूछे किसी को बाहर करना भी होता है अपमान ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ के पूर्व पार्षद पूरे लव से बनायेंगे साहब का जन्मदिवस खास ? सुना है उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करने के लिए साहब के लिये उपहार बनवाया है खास ? इस उपहार को लेकर वो समय से पहुँच जाएँगे साहब के पास ? फिर जन्मदिवस में काफी देर तक रहेंगे वो साहब के साथ ? सुना है वो साहब का टिकट ना होने से है अभी तक है नाराज ? उनका दिल जानता है, इस चुनाव में उन्होंने कितना समय गर्ग साहब को दिया है साहब ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप हमारी लिखकर रख लो बात ? साहब के जन्मदिन पर आज वही चेहरे अधिकतर नजर आयेंगे जो है एकदम उनके खास ? आज वाले आयोजन से वो चेहरे जरूर बनायेंगे दूरी ? जिनका गाज़ियाबाद में रहकर राजनीति करना है बहुत ही ज्यादा जरूरी ? इसके बावजूद के भी कई चेहरे दिखायेंगे अपना जिगर ? ये वो चेहरे होंगे जो राजनीति से ज्यादा संबंधों की करते है फि कर ? बाक ी तो आयोजन के बाद सारी तस्वीर क्लियर हो जाएगी डियर ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार वाले खेमका जी के अन्दाज रहे है काफी फायरी ? मगर सुना है ऐसे तेवर रखने वाले खेमका जी की गुम हो गई है डायरी ? कहने वाले ने कहा कि जो डायरी गुम हुई है, वो साधारण नहीं है साहब ? उस डायरी में उनकी बूथ पर पड़ी एक एक वोट का पूरा हिसाब किताब ? क्या डायरी में लगा दी है किसी विरोधी ने सेंध या खेमका जी इसमें अपनी गलती करेंगे क्लेम ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वो रख रहें हैं सुशांत गोयल के बूथ पर भी नजर? सुना है उनके पास है बिजेंद्र यादव के बूथ पर पड़े वोटो का भी डाटा? क्या इन दो विधान सभा के पूर्व उम्मीदवारों के बूथ पर रहेगा कुछ घाटा? कहने वाले ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनावों के बाद कई की लगनी है दिल्ली में क्लास? सुना है हाई कमान अब नही करना चाहता करंट विहीन नेताओ को पद पर बर्दाश्त? लेकिन कहने वाले ने कहा कि ये ही है जो इस अंधेरे में जल रही हैं मशाले? कह दिया कि ज्यादा सुनने के मूड में नहीं है वो भी? बात बिगड़ी तो हो सकता है सीन कि अब वतन तुम्हारे हवाले?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## महाराणा प्रताप की जयंती पर समाजसेवी सिकंदर यादव का किया स्वागत

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** यादव महासभा तथा क्षत्रिय सभा ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयन्ती स्वाभिमान व शौर्य दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनायी। इस अवसर पर यादव महासभा व क्षत्रिय सभा के पदाधिकारियों ने प्रमुख समाजसेवी सिकंदर यादव को प्रतीक चिन्ह व शौर्य प्रतीक तलवार भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर नरेश यादव एडवोकेट, सचिन यादव एडवोकेट, के०के० सिंह रघुवंशी, रामअवतार राणा, कु० ललिता बालियान, सन्तोष यादव, सुन्दा यादव, कैलाश यादव तथा मयंक यादव समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## डीडीपीएस पर अभिभावकों का धरना जारी, जीपीए ने सीबीएसई बोर्ड से की शिकायत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बच्चों को दूसरे स्कूल में भेजे जाने के विरोध में धरने पर बैठे अभिभावकों को डीडीपीएस प्रबंधन की ओर से कोई समाधान की राह निकलती दिखाई नहीं दे रही है। स्कूल प्रबंधन अपनी पूरी हठधर्मिता पर है तो पैरेंट्स आंदोलन से अपने कदम पीछे हटाने को तैयार नहीं हैं।

आठ दिन से दिन- रात धरने पर बैठे अभिभावकों की हालत खराब हो रही है। 40 डिग्री से ऊपर के पारे के बीच दिन में जहां पैरेंट्स धरने पर बैठे हैं वहीं रात में मच्छरों के डंक उन्हें बेहद परेशान कर रहे हैं। गाजियाबाद पैरेंट्स एसोसिएशन के बैनर तले आंदोलनरत अभिभावकों का कहना है कि बुधवार की रात को उन्होंने पूरे सेक्टर-23 में थाली बजाकर जागरुकता अभियान चलाया था।

जो अभिभावक उनके साथ धरने में शामिल नहीं हो रहे हैं उन्हें जागरुक किया जा रहा है कि आज स्कूल उनके साथ गलत बर्ताव कर बच्चों को दूसरे स्कूल में भेजना चाहता है कल को आपके साथ भी ऐसा कर सकता है। जीपीए का कहना है कि डीडीपीएस मधुबन बापूधाम की सीबीएसई से मान्यता ही नहीं है फिर वे क्यों अपने बच्चों को मधुबन-बापूधाम स्कूल भेजें। गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने डीडीपीएस मधुबन-बापूधाम की मान्यता का मामला सीबीएसई तक पहुंचा दिया है।



## लाखों के अंतर से होगी अतुल गर्ग की जीत: रामानंद गोयल



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व महानगर अध्यक्ष रामानंद गोयल ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग कई लाख वोटों के अंतर से जीत हासिल करेंगे। रामानंद गोयल ने कहा कि इस बार के चुनाव में अतुल गर्ग को हर वर्ग का वोट मिला है। विपक्ष के लोग जो शोर शराबा कर रहे हैं चुनाव परिणाम घोषित होने से पहले ही उनके चेहरे दूर-दूर तक नजर नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा और रालोद कार्यकर्ताओं ने इस लोकसभा चुनाव में अपना पूरा समय अतुल गर्ग के लिए दिया है जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

## तुलसी निकेतन में हादसे को दावत दे रही जर्जर पानी की टंकी

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** तुलसी निकेतन में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा बनाई गई 25 हजार लीटर की क्षमता वाली पानी की टंकी जर्जर हालत में है। इसके चलते लोगों को डर है कि कहीं यह किसी दिन ढह गयी तो बड़ा हादसा हो सकता है। तुलसी निकेतन के निवासी बलवंत सिंह का कहना है कि यह पानी की टंकी कई जगह से लीक है इससे हर समय पानी टपकता रहता है। इसके अलावा इसमें बनी सीढ़ी तक कई जगह से टूट गई है, जोकि कभी भी गिर सकती है। इसके बावजूद अब तक विभागीय अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। रितु सरीन का कहना है कि विभाग ने यहां पानी की टंकी तो बना दी पर इसकी मेंटीनेंस के लिए यहां कोई कर्मचारी नजर नहीं आता। लीकेज के कारण पूरे कंपाउंड में हमेशा ही पानी जमा रहता है। उनका कहना है कि टंकी की जर्जर हालत को लेकर कई बार शिकायत भी की जा चुकी है। अब हालात ये हैं कि टूट-टूट कर कुछ हिस्सा गिर रहा है। किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। इस मामले में जब क्षेत्रीय पार्षद से बात की गई तो उन्होंने कहा कि तुलसी निकेतन पानी की टंकी की शिकायत कई बार जीडीए अधिकारियों से की है मगर अधिकारी कोई संज्ञान नहीं लेते।





## इंदिरापुरम के सातों पार्षद अच्छा कार्य कर रहे हैं : हरमीत बक्शी



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम की सड़कों पर अतिक्रमण को लेकर मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी पार्षदों के साथ मिलकर जीडीए व पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण के खिलाफ मुहिम चला रहे हैं। इंदिरापुरम की सड़कों पर अतिक्रमण से परेशान होकर लोग मंडल अध्यक्ष से मिले। उन्होंने अपने सभी पार्षदों के साथ बैठक की और कहा कि इस समस्या को लेकर सभी पार्षद गंभीर हैं, सभी पार्षदों में अपने-अपने क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर विभाग को पत्र जारी किया है। इसी के चलते इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष अपनी टीम के साथ भी थाना प्रभारी व एसपी से मिले थे उन्होंने कहा कि पुलिस जल्दी ही अतिक्रमण पर अंकुश लगाएगी। अरविंद का कहना है कि इंदिरापुरम के सातों पार्षद अपने-अपने वार्डों में अच्छा काम कर रहे हैं और मंडल की टीम उनके सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहती है। अतिक्रमण को लेकर मंडल अध्यक्ष के द्वारा जीडीए वीसी से भी मुलाकात की गई उनका कहना है कि इस समस्या का जल्दी ही समाधान होगा।

## लाखों लीटर बर्बाद हो रहा मगर मकनपुर गांव में नहीं पहुंच रहा पानी: राधेश्याम त्यागी

**साहिबाबाद करंट क्राइम।** इंदिरापुरम में वार्ड 57 मकनपुर क्षेत्र आता है, स्थिति यह है कि मकनपुर को जाने वाली पाइपलाइन बंद है क्योंकि पानी की लाइन लीक हो रही है। श्रीराम मार्केट के सामने 25 दिन से पानी की लाइन लीक है है जिससे लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। क्षेत्र के पार्षद राधेश्याम त्यागी का कहना है कि श्रीराम मार्केट के सामने पाइपलाइन लीकेज है जिसकी शिकायत जीडीए को कई बार की लेकिन समस्या का हल नहीं निकल पाया। हर रोज लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है, 25 दिन से यही सिलसिला चल रहा है फोन करने के बाद भी कर्मचारी काम नहीं कर रहे। राधेश्याम त्यागी का कहना है कि मकनपुर गांव में जो पानी की लाइन जा रही है वह जर्जर है जिस कारण गांव को पानी नहीं मिल रहा। उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार जीडीए के अधिकारियों से भी मुलाकात की लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा। उनका कहना है कि अमृत योजना के तहत भी गांव में पानी नहीं मिल रहा।



## हेल्प एशियन फाउंडेशन संस्था ने किया जलवीरों को सम्मानित

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र के जलवीर बीते दिनों डूबते हुए व्यक्ति के लिए मसीहा बने। डूबते लोगों को बचाने वाले थाना मसूरी अंडर ट्रेनिंग सब इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार, अंडर ट्रेनिंग सब इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह चौहान व थाना मसूरी प्रभारी नरेश कुमार शर्मा को हैल्प एशियन फाउंडेशन संस्था द्वारा फूलमाला पहनाकर व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

हेल्प एशियन फाउंडेशन संस्था द्वारा जुमेरात को थाना परिसर में दोनों दरोगाओं व थाना प्रभारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकारों में डॉ. फजरुल रहमान, हाफिजी पत्रकार, उस्मान चौधरी पत्रकार अफसर चौधरी सहित शहजाद प्रधान मसूरी, भाजपा जलालाबाद मंडल उपाध्यक्ष राजा दीवान, भाजपा नेता जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा हामिद पहलवान, भाजपा नेता नौशाद चौधरी, समाजसेवी राशिद चौधरी, मनव्वर चौधरी, समाजसेवी जाावेद खान भारतीय, मुफ्ती कासिम आदि मौजूद रहे।





### बिजली गायब रहने से परेशान रहे प्रताप विहार के लोग

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रताप विहार में गुरुवार को बिजली गायब रहने से लोगों ने कई घंटे परेशानी झेली। सुबह छह से दोपहर करीब 12 बजे तक विद्युत कटौती रही। इस कारण लोगों ने पानी संकट भी झेला। टावर के केबल में फाल्ट होने से विद्युत कटौती रही। विद्युत कर्मचारियों को फाल्ट तलाश करने में कई घंटे लग गए इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में विद्युत आपूर्ति की मांग बढ़ गई है, लेकिन विद्युत निगम की व्यवस्था चरमरा गई है। शहर में रोजाना जगह-जगह अंधाधुंध विद्युत कटौती हो रही है। इससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। गुरुवार सुबह लगभग छह बजे प्रताप विहार स्थित के- ब्लॉक और केए-ब्लॉक समेत कई जगह की बिजली कटौती रही। सुबह दस बजे के बाद भी बिजली नहीं आने तक लोगों ने परेशानी झेली।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बीजेपी महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने अपने बेटे केशव शर्मा को जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं और आशीर्वाद शुभाशीष प्रदान किया। संजीव शर्मा इन दिनों चुनाव प्रचार के लिए वाराणसी में हैं। जन्मदिन पर उन्होंने अपने बेटे को पूर्ण आशीर्वाद और स्नेह दिया। इस पोस्ट को फेसबुक पर साझा किया। बधाई शुभकामनाएं आशीर्वाद शुभाशीष देने वालों का एक सैलाब उमड़ पड़ा। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।